दैनिक

डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !

Digital Daily News Paper

# लोकतंत्र की आवाज

● नवादा से प्रकाशित ● नवादा शनिवार 18 जनवरी 2025 ● वर्ष : 03 अंक : 505



## संक्षिप्त खबरें ।

### मायावती ने दिल्ली विस चुनाव की 69 सीटों पर उतारे प्रत्याशी, केजरीवाल के खिलाफ तगड़ा उम्मीदवार

**लोक तंत्र की आवाज़**



**नई दिल्ली।** बहुजन समाज पार्टी ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है. 70 सीटों पर होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए बसपा ने 69 सीटों पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान कर दिया है. दिल्ली के तीन बार मुख्यमंत्री रहे अरविंद केजरीवाल के सामने मायावती ने वीरेंद्र पर दांव लगाया है.

**बसपा ने 69 सीटों पर उतारे प्रत्याशी :**बसपा सुप्रीमो मायावती ने शुक्रवार को दिल्ली की 69 सीटों के लिए प्रत्याशियों के नामों के नाम पर मुहर लगा दी है. नई दिल्ली सीट पर आम आदमी पार्टी ने लगातार तीन बार जीत दर्ज की है. इस बार भी यहां से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में अरविंद केजरीवाल मैदान में उतरे हैं. बीजेपी ने अरविंद केजरीवाल के सामने प्रवेश वर्मा को चुनाव में उतारा है. वहीं, कांग्रेस ने संदीप दीक्षित को चुनाव मैदान में उतारा है. इधर मायावती ने नई दिल्ली सीट से वींरेंद्र को प्रत्याशी बनाया है।

**आतिशी–रमेश बिधूड़ी के सामने बसपा ने रविंद्र कुमार पर लगाया दांव :** दिल्ली की दूसरी हॉट सीट कालकाजी से सीएम आतिशी चुनाव मैदान में हैं. बीजेपी ने दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी के सामने रमेश बिधूड़ी को प्रत्याशी बनाया है. कांग्रेस ने अलका लांबा को चुनाव मैदान में उतारा है. वहीं, बसपा ने प्रीतम को चुनाव मैदान में उतारा है. जंगपुरा सीट से आम आदमी पार्टी ने पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को प्रत्याशी बनाया है. कांग्रेस इस सीट से फरहाद सूरी को मैदान में उतारा है. बीजेपी ने तरविंदर सिंह मारवाह को प्रत्याशी बनाया है. मायावती ने इन दिग्गजों के सामने रविंद्र कुमार को प्रत?याशी बनाया है।

### चीन की जनसंख्या में लगातार तीसरे साल गिरावट, सरकार और अर्थव्यवस्था के लिए कड़ी चुनौती



**लोक तंत्र की आवाज़**

**ताइपे।** चीन की जनसंख्या में पिछले साल भी गिरावट दर्ज की गई है। चीन की सरकार ने कहा कि ऐसा लगातार तीसरे साल हुआ है। यह दुनिया के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले देश के जनसांख्यकीय चुनौतियों की ओर इशारा कर रहा है, जो लगातार बूढ़ी होती आबादी और कामकाजी उम्र वाले लोगों की कमी से जूझ रहा है। आकंड़ों के अनुसार 2024 के अंत तक चीन की जनसंख्या 1.408 बिलियन थी। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 1.39 मिलियन की बड़ी गिरावट दर्ज की गई है।बीजिंग में सरकार द्वारा घोषित ये आंकड़े दुनिया वैश्विक स्तर पर विशेष रूप से पूर्वी एशिया में, जापान, दक्षिण कोरिया, हांगकांग जैसे देशों का अनुसरण करते हैं, जहां जन्म दर में गिरावट देखी गई है। चीन तीन साल पहले जापान और पूर्वी यूरोप के उन अधिकांश देशों की सूची में शामिल हो गया, जिनकी जनसंख्या गिर रही है।

चीन की जनसंख्या में लगातार दर्ज की जा रही गिरावट कई मामलों में अन्य देशों के समान है। यहां जीवन यापन की बढ़ती लागत के कारण युवा उच्च शिक्षा और करियर के दौरान शादी और बच्चे के जन्म को टाल रहे हैं या इससे इंकार कर रहे हैं। हालांकि लोग लंबे समय तक जीवित रह रहे हैं, लेकिन नए जन्म की दर को बनाए रखने के लिए यह पर्याप्त नहीं है। इसलिए जनसंख्या में लगातार दर्ज हो रही गिरावट ने चीन को चिंता में डाल दिया है।

## राहुल गांधी पहुंचे एम्सः फुटपाथ पर सो रहे मरीजों से मिले

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** गुरुवार देर रात कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दिल्ली एम्स पहुंचे। वहां उन्होंने फुटपाथ पर सो रहे मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात की। राहुल ने उनका हालचाल जाना और उनकी परेशानियां सुनीं। इस दौरे का मुख्य मकसद इलाज के लिए संघर्ष कर रहे इन लोगों की तकलीफों को समझना और उजागर करना था। सर्दी के बावजूद ये लोग इलाज की उम्मीद में खुले आसमान के नीचे रातें बिता रहे हैं। राहुल के इस कदम को संवेदनशीलता के नजरिये से देखा जा रहा है।

**इलाज की आस में फुटपाथ पर सो रहे लोगः** एम्स के बाहर राहुल गांधी नेउन लोगों से भी मुलाकात की, जो इलाज के लिए दूर–दराज के इलाकों से आए थे। ये लोग फुटपाथ, सड़कों और सबवे में सोने को मजबूर हैं। सर्द रातों और असुविधाओं के बीच इलाज के लिए इंतजार कर रहे हैं। इन मरीजों को ठंडी जमीन पर सोना पड़ रहा है। इन मरीजों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मरीजों को इलाज के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है। खाने–पीने की कमी इन मरीजों की परेशानियों को और बढ़ा रही है।

**केंद्र और दिल्ली सरकार दोनों असंवेदनशीलः** राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने लिखा कि केंद्र और दिल्ली सरकार मरीजों के प्रति असंवेदनशील बनी हुई है। इलाज के लिए लोग महीनों से इंतजार कर रहे हैं। ठिठुरती सर्दी में खुले में सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़ लिया है। बीमारी, ठंड और भूख के बीच ये



लोग केवल उम्मीद के सहारे हैं। राहुल ने इसे जनता के प्रति सरकार की नाकामी करार दिया। उनकी इस पोस्ट को लोगों से व्यापक समर्थन मिला। कांग्रेस पार्टी ने भी इस मामले को लेकर सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अक्क्रूर के बाहर का नजारा सरकारी असंवेदनशीलता की मिसाल है। मरीजों और उनके परिवारों को इलाज के लिए सड़कों पर सोना पड़ रहा है। ठंड और असुविधा ने उनकी परेशानियों को बढ़ा दिया है। पार्टी ने केंद्र और दिल्ली सरकार पर जनता की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

### इंस्टाग्राम पोस्ट में राहुल गांधी ने क्या कहा?

राहुल गांधी ने अपने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्होंने एक्स के बाहर मरीजों से मुलाकात की। ये लोग इलाज की आस में दूर–दूर से दिल्ली आए हैं। ठंडी जमीन, भूख और असुविधाओं के बीच भी उन्होंने उम्मीद नहीं छोड़ी है। उन्होंने लिखा कि सरकार ने इनकी परेशानियों को नजरअंदाज किया है। केंद्र और राज्य सरकारें इस मामले में पूरी तरह विफल रही हैं। राहुल ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की जरूरत पर जोर दिया। उनकी इस पोस्ट ने लोगों का ध्यान खींचा।

## बिहार चुनाव में राजद का मास्टरस्ट्रोक! एम से पीडीए फॉर्मूला, लालू यादव की नई रणनीति से हिली सियासत

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** विधानसभा चुनाव के लिए हर दल और गठबंधन अपनी रणनीति बनाने में जोर–शोर से जुटे हुए हैं। एनडीए 220 सीटों पर जीत के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहा है तो महागठबंधन में कांग्रेस से अनबन के बावजूद इस बार किला फतह करने की तैयारी है। जातीय समीकरण बिठाए जा रहे हैं। दलीय गठजोड़ की कोशिशें हो रही हैं। वर्ष 2005 के बाद जिन बाहुबलियों का ठिकाना जेलें बन गई थीं, वे भी इस बार ताल ठोकते नजर आएंगे। महागठबंधन और एनडीए इस जुगत में लगे हुए हैं। बहरहाल, यहां हम बात महागठबंधन के अगुआ दल आरजेडी की बत करेंगे।

**एम–वाई से अलग पीडीए जैसे समीकरण की है तैयारीः** लोकसभा चुनाव के दौरान यूपी में समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक को लेकर पीडीए फॉर्मूला बनाया था। उनका वह फॉर्मूला कामयाब कारगर रहा। आरजेडी में भी इस बार मंथन हो रहा है कि अब




सवर्णों पर दांव लगाने के बजाय पीडीए जैसा ही बिहार में भी फॉर्मूला बनाया जाना चाहिए।

लालू यादव के जमाने में बना मुस्लिम–यादव (एम–वाई) समीकरण और तेजस्वी यादव की ए टू जेड की पार्टी आरजेडी को बनाने से ज्यादा असरदार पीडीए फॉर्मूला ही है। इसे ध्यान में रख कर लालू यादव नए जातीय समीकरण पर काम करने लगे हैं।

**कुशवाहा को तो संसदीय चुनाव में ही साध लियाः** आरजेडी ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक नायाब प्रयोग किया। पहली बार पार्टी ने कुशवाहा बिरादरी के नेताओं पर दांव लगाया और उनमें अभय कुशवाहा जीत भी गए। यह तब हुआ, जब एनडीए के साथ कुशवाहा समाज के दो दिग्गज नेता लगे हुए थे। आरएलएम के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा अपनी सीट नहीं बचा सके तो डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी भी कोई करिश्मा नहीं दिखा सके थे।

### मुकेश सहनी के सहारे मल्लाहों में पैठ मजबूत है

अति पिछड़ी जातियां 2005 से जेडीयू का वोटर बनी हुई हैं। इसमें सेंध लगाने के लिए लालू ने पहले बीमा भारती को जेडीयू से तोड़ा। उन्हें अपने स्वजातीय पप्पू यादव के खिलाफ पूर्णिया से लोगसभा का उम्मीदवार भी बनाया। बीमा को लालू–तेजस्वी ने न सिर्फ उम्मीदवार बनाया, बल्कि उनके लिए लिए तेजस्वी ने पप्पू से पंगा भी ले लिया। यह अलग बात है कि बीमा भारती पर पप्पू यादव भारी पड़ गए।

कुशवाहा समाज में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए लालू ने अभय कुशवाहा को लोकसभा में आरजेडी संसदीय दल का नेता बना दिया। लालू की राजनीति परिवारवादी रही है, इसमें किसी को शक नहीं। लेकिन अपनी बेटी मीसा भारती की बजाय लालू ने अगर अभय कुशवाहा को संसदीय दल का नेता बनाया तो इसके पीछे विधानसभा चुनाव में कुशवाहा वोटरों को आकर्षित करना ही उनका मकसद था।

## दिल्ली चुनाव में कांग्रेस नही छोड़ेगी कोई कसर, बीजेपी और आप के खिलाफ राहुल–प्रियंका ठोकेंगे ताल



**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन के सहयोगी दलों के दबाव के बावजूद दिल्ली में कांग्रेस आक्रामक चुनाव प्रचार की तैयारी में है। पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के लगभग एक दर्जन कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी की है। इनमें रैली से लेकर पदयात्राएं तक शामिल हैं। यही नहीं, इस बार पार्टी बीजेपी के साथ ही आम आदमी पार्टी को भी घेरने में कोई रियायत नहीं बरतेगी।

**11 साल बाद कांग्रेस को मिल रहे पॉजिटिव संकेतः**पार्टी सूत्रों के मुताबिक, 11 जनवरी को राहुल गांधी की सीलमपुर में हुई रैली के बाद अब पार्टी 19 जनवरी को दिल्ली में राहुल गांधी के कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। पार्टी के एक सीनियर लीडर के मुताबिक, पार्टी को लग रहा है कि बीते 11 साल में उसे पहली बार दिल्ली में अपने लिए पॉजिटिव संकेत मिल रहे हैं। उनका ये भी दावा है कि जमीन पर उन्हें पब्लिक की ओर से ही जिस तरह से रिस्पॉन्स मिल रहा है, उससे उन्हें लगने लगा है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस को बड़ा फायदा होने जा रहा है। यही वजह है कि पार्टी ने पहली बार चुनाव के औपचारिक ऐलान से पहले ही अपने उम्मीदवारों की पहली लिस्ट भी जारी कर दी। इसी तरह से चुनाव के अंतिम दौर का इंतजार किए बिना ही राहुल गांधी की रैली, नामांकन पत्र दाखिल होने से पहले ही करा दी है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने एनबीटी से बात करते हुए इस बात की पुष्टि की कि पार्टी अन्य नेताओं के अलावा सिर्फ राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के ही एक दर्जन कार्यक्रम कराने की योजना बना चुकी है। इस बार तैयारी सिर्फ इन नेताओं की रैलियां कराने की नहीं बल्कि उनकी योजना पदयात्राएं कराने की भी है।

## पीएम मोदी ने भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का किया उद्घाटन

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 का उद्घाटन किया। यह भारत का सबसे बड़ा मोबिलिटी एक्सपो है, जिसमें ऑटोमोबाइल, कंपोनेंट उत्पादों और टेक्नोलॉजी में 100 से ज्यादा नए लॉन्च होने की उम्मीद है। यह एक्सपो 17–22 जनवरी तक चलेगा। पीटीआई की खबर के मुताबिक, एक्सपो को राष्ट्रीय राजधानी में भारत मंडपम और यशोभूमि और ग्रेटर नोएडा में इंडिया एक्सपो सेंटर और मार्ट में आयोजित किया जा रहा है। उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, एच डी कुमारस्वामी, जीतन राम मांझी, मनोहर लाल, पीयूष गोयल और हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। एक्सपो में 5,100 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिभागी होंगे और अनुमान है कि दुनिया भर से 5 लाख से अधिक आगंतुक इसमें शामिल होंगे।

**ये कारें हो रही हैं लॉन्च और डिस्प्लेः** भारत मंडपम में पैसेंजर व्हीकल मार्केट की अग्रणी मारुति सुजुकी अपनी पहली इलेक्ट्रिक वाहन SUV e VITARA का अनावरण करेगी और प्रतिद्वंद्वी हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड पहले दिन उ१ ३ीं ए३ लॉन्च करने की तैयारी में है। लग्जरी सेगमेंट में, जर्मन प्रमुख मर्सिडीज–बेंज अपनी इलेक्ट्रिक एदर मेबैक एसयूबी लॉन्च करेगी, जबकि इलेक्ट्रिक कॉन्सेप्ट और इलेक्ट्रिक का प्रदर्शन करेगी। इसी तरह, हमवतन बीएमडब्ल्यू अपनी नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 को लॉन्च करने के अलावा ऑल–इलेक्ट्रिक बीएमडब्ल्यू आई7 का प्रदर्शन करेगी। यशोभूमि में 18–21 जनवरी, 2025 को आयोजित होने वाले कंपोनेंट शो में लगभग सात देशों के 1,000 से अधिक प्रदर्शक भाग लेंगे।

**भविष्य की ऑटोमोटिव वैल्यू चेन का सह–निर्माण है एक्सपो का थीम :** खबर के मुताबिक, भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 मोबिलिटी इकोसिस्टम की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला को एक ही छत के नीचे लाएगा। इनमें ऑटोमोबाइल निर्माताओं से लेकर कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स पार्ट्स, टायर और ऊर्जा भंडारण निर्माताओं, और ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर फर्मों और मटेरियल रीसाइकिलर्स तक शामिल हैं। सीमाओं से परेः भविष्य की ऑटोमोटिव वैल्यू चेन का सह–निर्माण– थीम के साथ, टिकाऊ और अत्याधुनिक तकनीकी प्रगति पर जोर देने के साथ ऑटोमोटिव और मोबिलिटी क्षेत्र में सहयोग और इनोवेशन को बढ़ावा देने के मकसद से, वैश्विक एक्सपो में 9 से ज्यादा समवर्ती शो, 20 से अधिक सम्मेलन और मंडप आयोजित किए जाएंगे। साथ ही एक्सपो में मोबिलिटी क्षेत्र में नीतियों और पहलों को प्रदर्शित करने के लिए राज्य सत्र भी होंगे, ताकि उद्योग और क्षेत्रीय स्तरों पर सहयोग को सक्षम बनाया जा सके।

### नई कारों का दिखेगा जलवा



**इन संघों ने मिलकर किया है आयोजनः** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा समर्थित इस वैश्विक एक्सपो का आयोजन उद्योग संघों द्वारा किया जा रहा है, जिसमें सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (SIAM), ऑटोमोटिव कंपोनेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (ACMA), इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (IESA), ऑटोमोटिव टायर मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (ATMA), इंडियन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (ICEMA), नैसकॉम, इंडियन स्टील एसोसिएशन, मैटेरियल रिसाइक्लिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया शामिल हैं।

## आप विधायक राजकुमारी ढिल्लो ने अरविंद केजरीवाल पर साधा निशाना, बोलीं-भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करूंगी

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं। इस बीच हरिनगर से आम आदमी पार्टी की विधायक राजकुमारी ढिल्लो ने अपनी ही पार्टी पर निशाना साधा है। दरअसल हरिनगर विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी ने राजकुमारी ढिल्लों का टिकट काट दिया है। आम आदमी पार्टी ने यहां से सुरेंद्र सेतिया को उम्मीदवार बनाया है। इसे लेकर राजकुमारी ढिल्लों आज दोपहर 12 बजे प्रेस को संबोधित करने वाली हैं। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने न केवल उनके साथ बल्कि दिल्ली की जनता के साथ भी अन्याय किया है।

**राजकुमार ढिल्लो करेंगी प्रेस कॉन्फ्रेंसः** राजकुमारी ढिल्लो ने अपने पोस्ट में लिखा, 'मैं, राजकुमारी ढिल्लो, हरीनगर की जनता की तरफ से आपको इस बात से अवगत कराना चाहती हूं कि मैं हरीनगर क्षेत्र से आपकी प्रतिनिधि रही हूं और आज आपको यह बताना चाहती हूं कि पार्टी ने न सिर्फ मेरे साथ, बल्कि दिल्ली की जनता के साथ भी अन्याय किया है। मेरे और हरीनगर की जनता के साथ हुए इस अन्याय और अरविंद केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार का पर्दाफाश करने के लिए मैं एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर रही हूं। मैं इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से जनता को यह बताना चाहती हूं कि कैसे पार्टी के लोग चंद लालच के लिए हरीनगर की जनता के साथ छल कर रहे हैं। आप सभी से अनुरोध है कि इस महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में शामिल होकर सच को उजागर करने में हमारा साथ दें।



## प्रयागराजः खड़ेश्वर बाबा, 8 साल से 24 घंटे खड़े, महाकुंभ में काफी वायरल, खड़े–खड़े ही सोते

**लोक तंत्र की आवाज़**

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ 2025 में एक से बढ़कर एक बाबा पहुंचे हुए हैं। सबका अपना अलग और अनोखा अंदाज है। कोई सालों से अपना एक हाथ ऊपर किए हुए है तो कोई सालों से कुछ बोल ही नहीं रहा है। इसी तरह से सबका कुछ न कुछ अपना तप और हठ योग है। वहीं महाकुंभ में एक बाबा ऐसे भी आए हैं। जिन्हें खड़ेश्वर बाबा के नाम से जाना जा रहा है।

ये बाबा पिछले कई सालों से सिर्फ खड़े ही हैं। इसी वजह से इनका नाम भी खड़ेश्वर बाबा पड़ गया है। वैसे बाबा का नाम महंत रमेश पुरी है। बाबा हरियाणा के रहने वाले बताए जा रहे हैं। महाकुंभ के बीच बाबा जमकर वायरल हो रहे हैं। जहां लोग बाबा को देखने और दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं तो वहीं मीडिया वालों का तांता भी बाबा के द्वार पर लगा हुआ है। बाबा से उनके इस तप के बारे में जानकारी ली जा रही है।



**लगभग 8 साल से 24 घंटे खड़े हैं खड़ेश्वर बाबाः** बाबा अपने तप पर इस कदर खड़े हुए हैं कि तपस्या के लिए वर्षों से खड़े हुए हैं। बाबा पूरी दिनचर्या खड़े–खड़े ही व्यतीत करते हैं। बाबा का कहना है कि, उन्हें खड़े–खड़े लगभग 8.5 साल हो गए हैं। वह 24 घंटे खड़े रहते हैं। खड़े–खड़े ही सोते हैं। फ्रेश होने से लेकर स्नान तक वह खड़े–खड़े ही करते हैं और खड़े ही रोटी खाते हैं। बाबा का कहना है कि, उनके सारे के सारे काम खड़े–खड़े ही होते हैं। बाबा किसी वाहन से कहीं जाते भी हैं तो भी खड़े होकर ही जाते हैं। वह ऐसे वाहन पर यात्रा करते हैं कि जिसमें वह खड़े हो सकें। वह अब तक प्रयागराज के अलावा अयोध्या, चित्रकूट, काशी की यात्रा खड़े–खड़े कर चुके हैं। बाबा का कहना है कि, वह चलते–फिरते भी हैं।

## कौन हैं खान ब्रदर्स? नीतीश के उल्टे क्यों पड़ रहे चिराग के कदम, अब तो बीजेपी भी अलर्ट

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में राजनीति का मौसम क्या आया, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के तेवर बदले–बदले नजर नजर आने लगे। हो ये रहा है कि जब से बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार और चिराग पासवान की नजदीकी को लेकर खबर क्या उड़ी, लोजपा (आर) के लिए परेशानी का कारण बन गया। भाजपा के भीतर भी चिराग पासवान को लेकर संदेह के बादल उमड़ने लगे। ऐसे में चिराग पासवान इन दिनों कुछ ऐसा करने लगे, जो उन्हें नीतीश कुमार के विरुद्ध खड़ा करता दिखता हो। आइए जानते हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ चिराग पासवान के बढ़ते कदम।



**रईस खान को दी लोजपा (आर) की सदस्यताः**केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के एक खास कदम की राजनीतिक जगत में काफी चर्चा होने लगी है। ये कदम बना खान ब्रदर्स को लोजपा (आर) की सदस्यता देना। वो भी चिराग पासवान 15 जनवरी को सिवान गए और जाकर अयूब खान और रईस खान को पार्टी का सदस्य बनाया। दिलचस्प तो ये है कि कई गंभीर केस के आरोपी कुख्यात खान ब्रदर्स अब चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट–बिहारी फर्स्ट के नारे को आगे बढ़ाएंगे। सूत्र बताते हैं कि कुख्यात को पार्टी में शामिल कराने के लिए सिवान जाने के लिए 'उड़न खटोले' (हेलिकॉप्टर) की व्यवस्था 'खान ब्रदर्स' की तरफ से ही की गई थी।

**कौन हैं ये रईस ब्रदर्स?:** रईस ब्रदर्स को लेकर ये जानकारी है कि इन पर अलग–अलग थानों में अपराध की लंबी फेहरिस्त दर्ज है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मारपीट का आरोपित गिरफ्तार,भेजा न्यायालय

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज उत्तर बाजार में मारपीट व गाली गलौज करने के आरोपित राज कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया। बताया गया कि मोहल्ले के शिवनंदन प्रसाद की पत्नी कमला देवी ने स्थानीय थाना में राजकुमार को आरोपित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। महिला ने आरोपी पर शराब के नशे में मारपीट व गाली गलौज करने का आरोपी बनाया गया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के बाद न्यायालय भेज दिया।

### मॉडर्न में कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन



**नवादा।** दक्षिण बिहार एवं नवादा के प्रतिष्ठित विद्यालयों में से एक मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंती नगर नवादा के खेल मैदान में अंतर विद्यालयीय कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में नवादा मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अंतर्गत संचालित होने वाले विद्यालयों में से मॉडर्न इंगलिश स्कूल न्यू एरिया, मॉडर्न इंगलिश स्कूल कुंती नगर ,मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ एवं मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज के वर्ग सातवीं से लेकर 12वीं तक के सैंकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता की शुरुआत मॉडर्न शैक्षणिक समूह के निदेशक डॉ अनुज सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित मॉडर्न समूह के निदेशक ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कबड्डी भारत का प्रमुख खेलों में से एक है। इस खेल के द्वारा हमारा शरीर मजबूत होता है। आज हमारे देश में इस खेल के द्वारा कई खिलाड़ी सरकारी नौकरी भी प्राप्त कर रहे हैं। आने वाले समय में इससे भी बड़ा आयोजन पर विचार किया जाएगा और अधिक से अधिक खेलों को शामिल किया जाएगा। शुक्रवार को खेले गए मैच में चारों विद्यालयों के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया जिसमें मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल हिसुआ के खिलाड़ियों ने मॉडर्न इंग्लिश स्कूल न्यू एरिया को पराजित किया तथा मॉडर्न कुंती नगर के टीम में मॉडर्न नारदीगंज को पराजित किया। इस प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को हिसुआ एवं कुंती नगर के बीच खेला जाएगा। मैच के आयोजन में विद्यालय के वरिष्ठ खेल शिक्षक राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित अलखदेव प्रसाद यादव, राकेश कुमार ,कल्पना कुमारी एवं नीतीश कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

### चौक-चौराहों पर चलाया गया वाहन जांच अभियान,17 वाहनों पर लगया गया जुर्माना

राजेश कुमार सिन्हा



**रजौली।** नवादा एसपी अभिनव धीमान के निर्देश पर गुरुवार की शाम को एसडीपीओ गुलशन कुमार के नेतृत्व में पुलिस बलों के सहयोग से विभिन्न चौक–चौराहों पर वाहन जांच अभियान चलाया गया ।पुलिस के इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मच गया ।इस दौरान दर्जनों वाहनों की सघन जांच की गई। वही कई वाहनों से जुर्माना भी वसूला गया। साथ ही सड़क से गुजर रही अधिकांश दोपहिया वाहनों की डिक्की के साथ–साथ जरूरी कागजातों की भी जांच की जा रही थी ।वहीं अनुमण्डल क्षेत्र में ट्रैफिक व्यवस्था का पालन कराने के लिए रजौली एसडीपीओ गुलशन कुमार भी भ्रमणशील दिखाई दिए ।इसी क्रम में रजौली थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार एवं एसआई पिंकी कुमारी समेत अन्य पुलिस बलों की सहायता से वाहन जांच अभियान चलाया गया ।एसडीपीओ ने बताया कि नवादा एसपी के द्वारा निर्देशित समकालीन अभियान के तहत शाम 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक पुलिस बलों के सहयोग से वाहन जांच किया गया ।इस दौरान वाहनों के जरूरी कागजातों के अलावे हेलमेट,ड्राइविंग लाइसेंस, ओवरलोडींग,नंबर प्लेट सहित अन्य चीजों का जांच किया गया। जांच के क्रम में दोषी पाए जाने वाले 17 वाहनों का चालान किया गया ।एसडीपीओ ने बताया कि अभी सबसे ज्यादा लोगों की मौत सड़क दुर्घटना में हो रही हे। इसका मुख्य कारण है कि लोग ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते हैं व हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं ।इसके अलावे बाइक पर ओवरलोडिंग सवारी कर वाहनों की गति तेज रखते हैं ।एसडीपीओ ने वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपने गंतव्य स्थान के लिए निकलने से पहले नियमित रूप से अपने वाहन के कागजात की जांच करना सुनिश्चित करें ।वहीं उन्होंने मोटरसाइकिल चालक को जरूरी कागजातों व हेलमेट का उपयोग अवश्य करने की बात कही ।उन्होंने कहा कि कई वाहन चालक हेलमेट साथ में रखने के बावजूद उसे अपने सर में लगाने के बजाय अपनी मोटरसाइकिल अथवा हाथ में लटका कर चलते हैं ।उन्होंने कहा कि हेलमेट आपकी जीवन की सुरक्षा करता है,इसलिए हेलमेट पुलिस के चालान के डर से नहीं अपने आप की सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसका उपयोग करें।

# ससुर की अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे दामाद की ट्रैक्टर के पलटने से हुई मौत

## सड़क दुर्घटना में नौ लोग जख्मी ,घटना वारिसलीगंज थाना के पैंगरी पंचायत के कुटरी-पैंगरी मोड़ के पास ट्रैक्टर खार खंधा के गड्ढे में पलटा



लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** अपने ससुर की अंत्येष्टि में शामिल होने जा रहे एक दामाद की सड़क दुर्घटना में मौत हो गयी ।वहीं इस सड़क दुर्घटना में नौ लोग जख्मी हो गए ।घटना वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के पैगरी पंचायत के कुटरी-पैंगरी मोड़ के पास हुई। ट्रैक्टर सड़क किनारे बने खार खंधा के गड्ढे में पलट गयी। उस ट्रैक्टर पर करीब दो दर्जन लोग सवार थे। जिसमें बच्चा, महिलाएं, पुरुष व बुजुर्ग सभी सवार थे ।मृतक नालंदा जिला के दीपनगर थाना के ओकनामा ग्रामीण युगेश्वर यादव का 35 वर्षीय पुत्र बिजेंद्र यादव है। वह अपने ससुर बेलदरिया ग्रामीण गनौरी यादव की अंतेष्टि में शामिल होने के लिए ट्रैक्टर पर सवार होकर जा रहे थे। वह उनके छोटा दमाद थे। इस हादसे में उनका बड़ा दमाद विशुनदेव यादव, बेटी संगीता देवी, पेता जितेंद्र यादव समेत कुल नौ लोग जख्मी हो गए। घटना के बाद डायल 112 की पुलिस ने सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से तीन लोग को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच पड़ताल की। शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए नवादा भेज दिया।

**स्वजनों के विलाप से हर किसी की आंखें हुई नमः** घटना के बाद बेलदरिया गांव के लोग समेत आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटना स्थल पर जुट गई।इस बीच मृत युवक विजेंद्र की मां, पत्नी एवं बच्चों की दहाड़ से घटना स्थल पर उपस्थित लोगों की आंखे नम हो रही थी।लोग जल्दबाजी में जख्मियों को अस्पताल भेजने के जुगाड़ में जुटे थे। इस बीच किसी ने डायल 112 को सूचित कर पुलिस को बुला लिया।डायल 112 की पुलिस ने तत्परता पूर्वक अपने वाहन एवं एंबुलेंस बुलवाकर सभी जख्मी को इलाज के लिए सीएचसी भेजवाया।

**ट्रैक्टर के दुर्घटनाग्रस्त होते ही मची चीख-पुकार,युवाओं ने मशक्कत कर घायलों को निकालाः** वारिसलीगंज प्रखंड के पैंगरी पंचायत की वार्ड संख्या छह बेलदरिया टोला निवासी 72 वर्षीय गनौरी यादव का निधन बुधवार की रात हो गई थी। सूचना के बाद मृतक के रिश्तेदार हित कुटुंब गुरुवार को ट्रैक्टर पर सवार होकर अंत्येष्ठि में शामिल होने पंचाने नदी के गिरियक घाट पर जा रहे थे। शव लदा हुआ एक ट्रैक्टर आगे निकल गया था।जबकि करीब दो दर्जन लोगों को लेकर जा रही दूसरी ट्रैक्टर घटनास्थल पर असंतुलित होकर गड्ढे में पलट गई।फलतः ट्रैक्टर पर सवार एक युवक को मौत घटना स्थल पर ही हो गई।जबकि नौ लोग जख्मी हो गए।वाहन के पलटते ही घटना स्थल पर अफरा तफरी मच गई।जख्मी लोगों के बीच चीख-पुकार मच गयी।लोगों की भीड़ घटना स्थल पर जमा हो गई।आसपास रहे युवाओं ने काफी परिश्रम कर ट्रैक्टर डाला के नीचे दबे लोगों को बाहर निकाला। जिसमें एक युवक मृत पाया गया।इस घटना में मृत गनौरी यादव का बड़ा दामाद नालंदा जिले के राजगीर थाना के मीरचक ग्रामीण स्व गांधारी यादव का 55 वर्षीय पुत्र विष्णुदेव यादव, तथा मृतक का पोता 13 वर्षीग जितेंद्र उर्फ जीतू गंभीर रूप से जख्मी हो गया।जबकि बेलदरिया गांव 75 वर्षीय बाबू लाल यादव, दिनेश यादव की पुत्री चांदनी कुमारी (4) वर्ष, चंदर गादव की 30 वर्षीय पत्नी रीता देवी, विष्णु देव यादव की 50 वर्षीय पत्नी संगीता उर्फ साको देवी, 62 वर्षीय जुड़ावन चौहान समेत दो अन्य जख्मी हो गए, जिन्हें आनन-फानन में पुलिस वाहन एवं एंबुलेंस से इलाज को ले सीएचसी भेजा गया।जहां प्राथमिक चिकित्सा बाद विष्णुदेव यादव, बाबूलाल यादव तथा संगीता देवी को विम्स पावापुरी रेफर किया गया।

**घटना स्थल पर पहुंचे जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधिकारी:** घटना की सूचना मिलते ही वारिसलीगंज पश्चिमी के जिला पार्षद अंजनी कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन कुमार, पैंगरी मुखिया, समेत पुलिस निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार, प्रभारी थानाध्यक्ष सुभाष कुमार, एएसआई पप्पु कुमार व अन्य ने घटना स्थल पर पहुंचकर घटना की विस्तृत जानकारी ली।पंचायत की मुखिया द्वारा मृत युवक के दाह संस्कार के लिए कबीर अंत्येष्ठि योजना के तहत तीन हजार रुपये मृतक की विधवा को दिया।

# रहस्मय तरीके से गायब 05 वर्षीय बच्ची का शव बरामद परिजनों में मचा कोहराम



लोकतंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा।** नवादा में रहस्मय तरीके से गायब 05 वर्षीय बच्ची का गांव के हीं आहर में शव बरामद हुआ है , जिसके बाद परिजनों में कोहराम मचा है। शव उस वक्त मिला ,जब ग्रामीणों ने शक के आधार पर आहर के पानी को मोटरपंप लगाकर पानी सुखाया। परिजनों ने घटना की सूचना नरहट थाना को दिया ,तो हिसुआ और नरहट थाना की पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच में जुटी है । बता दें कि नरहट थानाक्षेत्र के पाली गांव में विगत 17 दिनों पूर्व 01 जनवरी को 05 वर्षीय बच्ची रहस्मयी तरीके से गायब हो गयी थी। जिसका लिखित रूप से स्थानीय थाना को सूचना देकर अपहरण का आशंका जताया था। सूचना मिलते हीं पुलिस हरकत में आयी और पुलिस टीम के साथ डॉग स्क्वाड की टीम के साथ घर पहुंचकर मामले की तहकीकात में जुटी थी। काफी प्रयास के बावजूद बच्ची का कुछ पता नहीं चल सका था। बता दें कि 05 वर्षीय बच्ची सांवी कुमारी उर्फ काव्या कुमारी पिता शिवशंकर सिंह अपनी ननिहाल छोटी पाली में खेल रही थी ,तभी एक जनवरी बुधवार की दोपहर लगभग 02 बजे से रहस्मय तरीके से अचानक गायब हो गायी। बच्ची का घर पकरीबरावां थानाक्षेत्र के असमा ग्राम है , वह अपना नानीघर छोटी पाली ग्राम आयी हुई थ। बच्ची के नाना राजेश कुमार ने कहा था कि बच्ची अचानक गायब हो गयी है , उन्होंने आशंका जताते हुए कहा था कि किसी अपराधी द्वारा बच्ची का अपहरण कर लिया गया होगा। शव मिलने के बाद परिजन काफी परेशान है। पुलिस घटना के बाद बुधवार की दोपहर से लेकर गुरुवार की सुबह तक काफी खोजबीन किया था, लेकिन 17दिन बीत जाने के बावजूद कुछ पता नहीं चल सका। परेशान परिजनों एवं ग्रामीणों ने गांव के आहर का पानी मोटरपंप से सुखाने का प्रयास किया ,तो बाहर निकलकर आया ,जिसकी परिजनों ने पहचान कर लिया है ।

# बिसलरी वाले बोतल में शराब भरकर ले जा रहा युवक धराया,भेजे गए जेल

लोकतंत्र की आवाज

राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी से उत्पाद बलों ने एक बस से बिसलरी की बोतल में शराब भरकर ले जा रहे युवक को गिरफ्तार किया।उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद एसआई बब्लू कुमार के नेतृत्व में सघन वाहन जांच की जा रही थी। इस दौरान झारखण्ड की ओर से आ रहे पवन रथ नामक बस संख्या बीआर02पीसी 1730 की जांच की गई।जांच के दौरान बस में सवार एक युवक के पास से 500 एमएल वाले दो बिसलरी पानी वाले बोतल में कुल 750 एमएल शराब बरामद किया गया।बरामद शराब के साथ युवक को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान छपरा जिले के गरखा



थाना क्षेत्र के मुरा गांव निवासी अर्जुन राय के पुत्र अविनाश कुमार के रूप में हुई है।गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वह खुद के उपयोग के लिए ओल्ड मॉन्क नमक रम को बिसलरी के खाली बोतल में भरकर ले जा रहा था।उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार युवक की स्वास्थ्य जांच के बाद शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। जांच के मौके पर उत्पाद एएसआई अंकित कुमार समेत उत्पाद सिपाही एवं गृहरक्षक के जवान और सैप बल शामिल थे।

# ज्वेलरी शॉप का शटर काटकर लगभग 10 लाख की चोरी

लोक तंत्र की आवाज



सुनील कुमार

**नवादा ।** बिहार के नवादा में एक ज्वेलरी शॉप का शटर तोड़कर चोरों ने बड़ी घटना का अंजाम दिया है . चोरी की वारदात का लाईव फुटेज दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है .पुलिस बारीकी से जांच कर चोरों तक पहुंचने के लिए जुटी है . इस घटना से जिले के स्वर्ण व्यवसायियों समेत अन्य व्यापारियों में हड़कंप मच गया है। बताते चले कि यह घटना नवादा जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र के हिसुआ नगर परिषद अंतर्गत राजगीर रोड में पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास के बगल में घटी है . सीसीटीवी फुटेज के अनुसार 03 की संख्या में रहे चोरों ने इस बड़ी चोरी की घटना का अंजाम दिया है . घटना की सूचना स्थानीय हिसुआ थाना की पुलिस को दी गयी ,तब घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस बारीकी से जांच में जुट गयी है। ज्वेलरी दुकान संचालक मोहन वर्मा ने बताया कि यह घटना बीती रात्रि 02 बजे घटी है .उन्होंने कहा कि रोज के भांति रात्रि में हमने अपना दुकान बंद कर घर आ गया था .सुबह में हमें आसपास के लोगों के द्वारा मालूम चला कि दुकान का ताला काट दिया गया है और दुकान का शटर तोड़कर दुकान में चोरी हुई है .सूचना पर हम दुकान आकर देखें तो पुलिस को सूचना दिए .उन्होंने बताया कि चोरी गए ज्वेलरी की आकलन नहीं किया गया है .विशेष जानकारी दुकान जांच के बाद पता चलेगा ,लेकिन अनुमान है कि लगभग 10 लाख से ऊपर की ज्वेलरी को चोरों ने चोरी कर लिया है। हिसुआ थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस बारीकी से जांच कर रही है .वरीय अधिकारी को भी घटना की सूचना दी गयी है .घटनास्थल पर डीएसपी सदर-2, हिसुआ सर्किल इंस्पेक्टर ,थानाध्यक्ष समेत पुलिस टीम पहुंचकर जांच में जुटी है साथ हीं फोरेंसिक टीम बुलाकर चोरों के फिंगरप्रिंट और सबूत निकालकर चोर तक पहुंचने का प्रयास किया जा रहा है ,जल्द हीं घटनाक्रम का उद्भेदन कर दिया जाएगा।

**पुलिस की कार्यशैली पर उठे प्रश्नचिंह :** आपको बता दें कि हिसुआ थाना क्षेत्र के महज कुछ हीं दूरी पर घनी आबादी वाले क्षेत्र में चोरी की इतनी बड़ी वारदात का अंजाम दिया गया है ,लेकिन पुलिस को भनक तक नहीं लगी .आखिर पुलिस गश्ती करती है या मटरगश्ती ? गौरतलब हो कि यह दुकान राजगीर रोड में घनी आबादी वाले क्षेत्र में है, जहां वाहनों का आना-जाना लगा रहता है. दुकान के सामने हीं एक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया का बैंक है और बगल में पूर्व विधायक अनिल सिंह का आवास ,बावजूद चोर इतने बड़े घटना का अंजाम देकर चंपत हो गए और पुलिस को भनक तक नहीं लगा .लोगों ने पुलिस के कार्यशैली पर भी सवाल खड़े किए हैं .लोगों ने कहा पुलिस गश्ती में लापरवाही कर रही है ,जिससे चोरों के मनोबल बढ़ गया है।

# गया : छात्र जदयू के आंदोलन के बाद मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने एसबीएन कौलेज लारी के प्राचार्ज को किया गया सस्पेंड

लोकतंत्र की आवाज़



**गया ।** अरवल जिला अंतर्गत कुर्था में स्थित एसबीएन कॉलेज प्राचार्ज के खिलाफ छात्र जदयू मगध विश्वविद्यालय अध्यक्ष उत्तम कुशवाहा ने अपने सैकड़ो छात्र जदयू के साथियों के साथ मगध विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौपा और कहां उन्हें सस्पेंड नहीं करते हैं तो हम सभी छात्र विश्वविद्यालय में ही बैठे रहेंगे उत्तम कुशवाहा ने कुलपति के समक्ष सारे दस्तावेजों को रखा और इस दस्तावेज के आधार पर कुलपति शशि प्रताप शाही ने तुरंत कार्रवाई करते हुए कुल सचिव को आदेश दिया कि ऐसे प्राचार्य जो सरकार की योजनाओं को एवं विश्वविद्यालय के निर्देश का पालन नहीं करते हैं और मनमानी शुल्क छात्रों से वसूल रहे हैं उन्हें तुरंत सस्पेंड किया जाए, उत्तम कुशवाहा ने कुलपति को कहा कि बिहार की वर्तमान सरकार मुख्यमंत्री के द्वारा बिहार के -छात्राओं को केजी से पीजी तक की फ्री पढ़ाई की गई है परंतु लारी के तानाशाह प्राचार्य लगातार छात्राओं से पैसा वसूली कर रहे हैं जो कि सरासर गलत है ! जिस पर कुलपति ने नाराजगी जताते हुए तत्काल प्रभाव से लारी के प्राचार्य को सस्पेंड करते हुए मुख्यालय में पोस्टिंग की है। इसके साथ ही साथ एक सप्ताह के अंदर छात्रों का पैसा वापस करने को निर्णय किया है।उत्तम कुशवाहा में छात्रों को संदेश देते हुए कहा की, कहा कि यह जीत पूरी छात्रों की है कहा कि अगर छात्रों के साथ अहित होगा तो हमारा संगठन सबसे आगे खड़ा रहेगा सरकार की योजना को जन-जन तक पहुंचाना यह हम सभी कार्यकर्ताओं का अधिकार है इस मौके पर, पार्टी की नेत्री प्रीति कुमारी, आईसीसी सेल के मेंबर शिव शक्ति सिंह,,अनिल यादव प्रेम प्रकाश, कुंदन कुमार,, सत्यम सिंह, सौरभ चंद्रवंशी, आदित्य कुमार, अमित कुशवाहा,,सुमित अन्य छात्र रहे उपस्थित थे।

# एक ही रात्रि धमनी के दो डीजे एवं टेंट हाउस में कुंडी काटकर की गई लाखो की चोरी, थाने को दिया आवेदन,जांच में जुटी पुलिस

लोकतंत्र की आवाज



राजेश कुमार सिन्हा

**रजौली।** थाना क्षेत्र के धमनी गांव में गुरुवार की देर रात चोरों ने दो टेंट हाउस व डीजे के दुकानों का ताला तोड़कर कुर्सी, टेबल, शामियाना के कपड़े, डीजे मशीन एवं बॉक्स समेत लाखों रुपयों की चोरी कर ली गई।घटना की जानकारी दुकान संचालकों को मिलने के बाद थाना को दूरभाष के माध्यम से सूचना दी गई।सूचना पाकर थाने में पदस्थापित एएसआई मोती मालाकार ने घटनास्थल पर जाकर निरीक्षण किया।पीड़ित दुकानदार धमनी गांव निवासी सिकेन्द्र प्रसाद के पुत्र राजू कुमार ने बताया कि उनका आर्यन टेंट हाउस एवं डीजे का दुकान है। गुरुवार की रात लगभग 2:30 बजे वे अधवरवा गांव के बाबूलाल तुरिया के यहां कार्यक्रम से ट्रैक्टर पर सामान लेकर दुकान पर लौटे, तो देखा कि दुकान खुला हुआ है एवं दुकान के अंदर पांच मशीन एवं दो बड़ा वाला साउंड बॉक्स गायब है।पीड़ित दुकानदार ने कहा कि चोरों ने ताला को नहीं तोड़ा, बल्कि दरवाजे में लगे कुंडी को लोहे के ब्लेड से काटकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।। साथ ही कहा कि उन्हें लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हुआ है।वहीं दूसरी ओर पीड़ित दुकानदार चमरबिगहा गांव निवासी दिलीप सिंह के पुत्र पंकज कुमार ने बताया कि बीते दो वर्षों से वे धमनी गांव स्थित अपने नए भवन के बेसमेंट में एनके डीजे सह टेंट हाउस का संचालन कर रहे थे।शुक्रवार की सुबह जब वे चमर बिगहा स्थित घर से दुकान पर आए, तो देखा कि लोहे के दरवाजे में लगा ताला नीचे गिरा हुआ है और घुंडी को काटकर दरवाजा खोला गया है।पीड़ित दुकानदार ने कहा कि चोरों ने दुकान से 60 कुर्सी, 6 टेबल, 15 पीस बड़ा बर्तन, घेरा व सीलिंग का कपड़ा, 20 हैलोजन एवं एक पेटी मरकरी की चोरी कर ली है।साथ ही कहा कि चोरी गए सामानों का बाजार मूल्य लगभग पांच रुपये है।पीड़ित दुकानदारों ने कहा कि चोरों ने दुकान से बड़े सामानों की चोरी के लिए कम से कम एक पिकअप जरूर लाया गया होगा और एक ही गिरोह के लोगों ने एक ही गांव में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।वहीं चोरी की घटना से धमनी चौक पर स्थित अन्य दुकानदार भयभीत हैं एवं चौक-चौराहों पर ग्रामीण तरह-तरह की बातें कर रहे हैं। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि चोरी घटना को लेकर पीड़ित दुकानदारों द्वारा लिखित आवेदन प्राप्त हुआ है।पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# खुशहाल जीवन जीने के लिये सबसे बड़ा अस्त्र शिक्षा : निशिकांत सिन्हा

लोक तंत्र की आवाज

अभय कुमार रंजन

**वारिसलीगंज (नवादा)।** वारिसलीगंज प्रखंड के धनविगहा गावं स्थित आदर्श ज्ञान रेसीडेंसियल पब्लिक स्कुल का पहला वार्षिकोत्सव का उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रसिद्ध समाजसेवी सह रिच माइंड डिजिटल कम्पनी के प्रबंध निदेशक निशिकांत सिन्हा ने दीप प्रज्जवलित कर किया।समारोह का संचालन निदेशक श्याम किशोर प्रसाद ने किया।समारोह में आये अतिथियों का स्वागत शाल देकर सम्मानित किया।समारोह को संबोधित करते हुए निशिकांत सिन्हा ने उपस्थित छात्रों एवं अविभावकों से कहा की खुशहाल जीवन जीने के लिये सबसे बड़ा अस्त्र शिक्षा है।हमारा घर ही हमारा पहला शैक्षणिक संस्थान है, जहां हम दूसरों के साथ व्यवहार करना, और अन्य कौशलों को सीखते हैं हालांकि, व्यवहारिक जीवन में सफल होने के लिए स्कूल की शिक्षा बहुत आवश्यक है।स्कूली शिक्षा के माध्यम से ही, हम व्यक्तित्व, मानसिक कुशलता, नैतिक और शारीरिक शक्ति का विकास करना सीखते हैं। बिना उचित शिक्षा के, एक व्यक्ति अपने जीवन के सभी शैक्षिक लाभों से वंचित रह जाता है। शिक्षा निजी और पेशेवर जीवन में सफलता की इकलौती कुंजी है।जो व्यक्ति उचित शिक्षा प्राप्त करता है वो परिवार, समाज और देश में प्रशंसा के योग्य होता हैं।सभी के लिए उचित शिक्षा लोगों के बीच में समानता लाकर सभी प्रकार के भेदभावों को हटाती है। शिक्षा हमें न केवल इतिहास, विज्ञान, गणित, भूगोल और अन्य विषयों को सीखने योग्य बनाती हैं हालांकि, यह हमें ये भी सिखाती है, कि जीवन में बुरी स्थितियों को कैसे संभाला जाये।हमारे भविष्य के निर्माण और




पेशेवर कैरियर को आकार देने में अच्छी और उचित शिक्षा महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह हमारे व्यक्तित्व का विकास करने और परिवार और समाज में पहचान और सम्मान प्राप्त करने में मदद करती है।हम यह कह सकते हैं कि, शिक्षा सामाजिक और वैयक्तिक मानव जीवन का एक आवश्यक भाग है।हम अपने जीवन में शिक्षा के महत्व को किसी भी कीमत पर नजर अंदाज नहीं कर सकते।जैसा कि हम समाज में निरंतर देखते हैं कि बहुत से सामाजिक मुद्दे केवल उचित शिक्षा की कमी के कारण पैदा हो रहे हैं। सामाजिक मुद्दे जैसे असमानता, लिंग असमानता, धार्मिक भेदभाव, और भी बहुत सी समस्याएं हमारे जीवन में केवल शिक्षा की कमी के कारण है। इस अवसर पर बच्चो के द्वारा कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। बच्चों के बीच दौड़, भाषण आदि प्रतियोगिता भी कराई गयी थी। खेल कूद में बेहतर प्रदर्शन करने वाले किशन कुमार, पूनम कुमारी, अंजलि, निशांत, रजनीश, बर्षा, अनुष्का, सुरभि, सानिया, अनुराज, रौशन आदि छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन श्याम किशोर प्रसाद ने किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अनूप राज, प्रबंधक सचिदानंद प्रसाद, जयराम प्रसाद, कुशवाहा सेवा समिति वारिसलीगंज के प्रखंड अध्यक्ष सोनू कुशवाहा, अरूंजय मेहता, चकवाय पंचायत के मुखिया मृत्युंजय कुमार, दर्खा (अलीगंज) पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार, बागी बगडीहा पंचायत प्रतिनिधि सह जदयू युवा जिलाध्यक्ष सोनू राज, कमलेश कुमार, विपिन कुमार, संतोष कुमार, महेश प्रसाद, मनोज कुमार सहित विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

# रिटायर दारोगा के घर चोरों ने ताला तोड़कर नगदी समेत 15 लाख की संपत्ति किया चोरी

लोक तंत्र की आवाज

सुनील कुमार

**नवादा ।** नवादा जिले के नगर थाना क्षेत्र के गोनवा गांव में एक रिटायर पुलिसकर्मी के घर में चोरी की घटना हुई है। चोरी की जानकारी मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर चोरी की है। हवलदार पद से रिटायर श्रवण कुमार ने बताया कि 13 जनवरी को पूरा परिवार मकर संक्रांति का पर्व मनाने के लिए घर से चले गए थे इसी दौरान चोरों ने घर को अकेला पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर के किराएदार जब आज पहुंचे, तो उन्होंने फोन करके बताया कि घर का ताला टूटा हुआ है। इसके बाद, पूरा



परिवार आकर देखा तो पाया कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। घर में सोना, चांदी सहित अन्य कीमती सामानों की चोरी हुई है, जिसकी कीमत लगभग 15 लाख रुपये है। श्रवण कुमार ने बताया है कि 2मार्च को उनकी पोती की शादी है और इसके लिए उन्होंने सोना, चांदी और अन्य कीमती सामान की खरीदारी की थी। सभी सामान घर पर ही रखे थे लेकिन सारा सामान चोरी है गया। घटना के के बारे में नगर थाना प्रभारी अविनाश कुमार ने कहा है कि आवेदन के आधार पर मामले की जांच की जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही चोरी की घटना को अंजाम देने वालों को पुलिस पकड़ेगी। फिलहाल, मामले में फॉरेंसिक टीम को बुलाकर आगे की जांच की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** मिशन शक्ति" विशेष अभियान फेस – 5 .0 के अंतर्गत शुक्रवार को जिलाधिकारी के निर्देशानुसार कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रतसर में आयोजित किया गया । जिसके अंतर्गत प्रभारी अधीक्षक डॉङ्ग राकिफ अख्तर,इढट आशुतोष जी,इढट अनिल कुमार जी एवं केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह के द्वारा 25 नवजात बालिकाओं एवं माताओं द्वारा केक काटकर उन्हें बेबी किट, डायपर, बेबी कपड़ा,बेबी कम्बल, मिष्ठान, सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया कार्यालय सहायक हर्षवर्धन के द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित महिला पेंशन को विस्तार से बताया गया, साथ ही वन स्टाप सेंटर तथा चाइल्ड हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ में 18वर्ष से कम उम्र के बालक बालिकाओं के साथ हों रही यौन हिंसा से बचने व उनकी शिकायत करने, अपनी बात खुलकर रखने के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही उनके अधिकारों के बारे में बताया गया। सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 1090 की जानकारी भी प्रदान की गई। दहेज प्रथा को समाप्त करने, बाल विवाह की कुप्रथा को रोकने ,बाल श्रम को रोकने, के लिए सभी को जागरूक किया । इस अवसर पर ,वन स्टॉप सेंटर से केंद्र प्रशासक प्रिया सिंह,नीलम शुक्ला,सोनी यादव,हर्षवर्धन,रंजना,आशाबहु तथा आदि लोग उपस्थित रही ।

### पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार की परेड की सलामी ली





**उरई जालौन।** पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन उरई में शुक्रवार की परेड की सलामी ली, तदोपरान्त पुलिस लाइन की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण एवं पुलिस कर्मचारीगण का अर्दली रूम कर सम्बन्धित को आवश्यक निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी भी मौजूद रहे ।

### दुबई में हार्ड अटैक से युवक की मौत, घर पहुंचा शव

रिपोर्ट महताब अहमद



**मंडावर।** विदेश में मजदूरी करने गए युवक की अचानक अटैक आने पर निजी अस्पताल में मौत हो गई मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया । जैसे शव घर पहुंचा सैकड़ों लोगों ने जनाजे में शिरकत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार मौ शरीक पुत्र तसलीम अहमद उम्र 28 वर्ष निवासी मौ बंजारान थाना मंडावर बिजनौर करीब लगभग 3 माह पूर्व दुबई में मजदूरी करने गया था 20 दिसंबर को वह रोज की भांति काम से अपने कमरे पर आया जहां युवक को अचानक अटैक आया जिसको आनन फानन में दुबई के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। जिसका शव शुक्रवार को उसके घर पहुंचा तो पूरे कस्बे में शौक की लहर दौड़ गई ।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार मे जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कर दिए निर्देश

लोकतंत की आवाज




**उरई जालौन ।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'जल जीवन मिशन' के अंतर्गत हर घर जल परियोजना की प्रगति की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए निर्माणाधीन कार्यों की प्रगति में सुधार लाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यरत फर्म की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति लक्ष्य के अनुरूप नहीं है, और यदि फर्म द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति में सुधार नहीं किया गया तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने जनपद के तीनों सतही श्रोत आधारित योजनाओं के सभी कम्पोनेंट्स और संरचनाओं पर समानान्तर रूप से पर्याप्त मानव शक्ति और मशीनरी लगाकर समयबद्ध रूप से कार्य पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जल निगम (ग्रामीण) के अधिशासी अभियंता द्वारा जनपद की स्वीकृत योजनाओं का सत्यापन पोर्टल पर कर लिया जाए। इसके साथ ही, जिन ग्रामों में एफएचटीसी के निर्धारित लक्ष्य को पूरा किया गया है, वहां ग्राम सभा की खुली बैठक आयोजित कर ₹हर घर जल₹ मार्क किया जाए और प्रमाणीकरण की प्रक्रिया शीघ्र पूरी की जाए। इस कार्य के लिए जिला पंचायत राज अधिकारी और खण्ड विकास अधिकारियों को उत्तरदायी बनाया गया है। जिलाधिकारी ने यह सुनिश्चित करने की बात भी कही कि जनपद के प्रत्येक गांव में पेयजल आपूर्ति हेतु एक सटीक रोस्टर तैयार किया जाए और निर्धारित रोस्टर के अनुसार जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, ओएचटी, पम्प हाउस और पंचायत भवनों में वॉल राइटिंग के माध्यम से पेयजल आपूर्ति के समय की सूचना अंकित कराई जाए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि पीएमसी, टीपीआई और कांट्रैक्टर्स द्वारा प्रतिदिन समस्त परियोजनाओं के कार्यस्थल पर निर्धारित मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और इसके उपस्थिति की क्रॉस चेकिंग अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे) और अधिशासी अभियंता जल निगम (ग्रामीण) द्वारा की जाए। उन्होंने यह सुनिश्चित करने की बात की कि पेयजल की गुणवत्ता में कोई भी कमी न हो, और जल का परीक्षण नियमित अंतराल पर किया जाए। उन्होंने परियोजना के निर्माण में प्रयुक्त सामग्री और निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। किसी भी तरह के गुणवत्ता उल्लंघन की स्थिति में टीपीआई, पीएमसी और कार्यदायी संस्थाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि परियोजना के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों का नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण किया जाए, ताकि सभी निर्माण कार्य प्रचलित तकनीकी विशिष्टियों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध तरीके से पूर्ण किए जा सकें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विकासखंड में दो-दो मॉडल गांव तैयार किए जाएं। पाइपलाइन के काम के बाद खोदी गई सड़कों को जल्द से जल्द पुनर्स्थापित किया जाए, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में कोई समस्या न हो। पाइपलाइन डालने के लिए एचडीडी मशीन का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाएगा। जिलाधिकारी ने योजना के तहत किए जा रहे सभी कार्य समयबद्ध तरीके से और उच्च गुणवत्ता के मानकों के अनुसार पूरे किए जाएं, ताकि जनपद के हर घर में स्वच्छ जल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य, अधिशाषी अभियंता जल निगम ग्रामीण अंचल गुप्ता आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## बिजनौर धारदार हथियार से हमला गैंगस्टर की मौत



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट गुरप्रीत सिंह
**बिजनौर।** देर रात एक गैंगस्टर की धारदार हथियार से वार कर बेरहमी से हत्या कर दी गई। बताया गया कि धार्मिक अनुष्ठान के दौरान कहासुनी के बाद हमला किया गया था। जनपद बिजनौर में कई वर्षों से चली आ रही रंजिश के चलते हुई मारपीट के दौरान गैंगस्टर पर जानलेवा हमला कर दिया। गंभीर रुप से घायल हुए गैंगस्टर की अस्पताल में मौत हो गई। मामले में चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर सौंपी गई है। शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव गांवड़ी बुजुर्ग में बुधवार देर शाम जागरण का कार्यक्रम चल रहा था। जिसमें शामिल होने के लिए रोहित उर्फ रिंकू (32) पुत्र रोहिताश गया था। जागरण के बीच रोहित की दूसरे पक्ष के लोगों के गाली-गलौज और मारपीट हो गई। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने फावड़े और धारदार हथियारों से हमला कर दिया। हमले में रोहित गंभीर रुप से घायल हो गए। दौड़कर पहुंचे परिवार के लोगों ने उसे हमलावरों से छुड़ाकर बिजनौर सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डाक्टरों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। रोहित के खिलाफ पहले से दो मुकदमे दर्ज हैं। जिसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई भी हुई थी। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव में एहतियात के तौर पर पुलिस तैनात है।

## मोबाइल टावर के नाम पर करोड़ों ठगने वाले पांच जालसाजों को STF ने दबोचा

लोक तंत्र की अवाज

रत्न
**लखनऊ।** लखनऊ में मोबाइल टावर के नाम पर करोड़ों की ठगी करने वाले पांच जालसाजों को एसटीएफ ने गोमतीनगर विस्तार इलाके से गिरफ्तार किया है। आरोपितों के खिलाफ अमरोहा और रायबरेली में दो मामले दर्ज हैं। साथ ही आरोपितों ने कई और ठगी की घटनाओं को अंजाम देने की बात कबूल की है। आरोपितों के पास से आवेदन पत्र जाली एनओसी व अन्य सामान बरामद आरोपितों के पास से आवेदन पत्र, जाली एनओसी व अन्य सामान बरामद हुआ है।

## युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने वाला आरोपी गिरफ्तार



लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट रोहित कुमार
**नहटौर।** युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ मारपीट करने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित धारा में चालान कर दिया। उल्लेखनीय हो कि क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि 2 दिसम्बर को नगीना के मौहल्ला लाल सराय निवासी टिंक्कल पुत्र लाल सिंह परिजनों की गैरमौजूदगी में उसकी बेटी को बहला फुसलाकर कहीं ले गया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी टिंक्कल को पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक हरिप्रकाश सिंह, कांस्टेबल अमित मलिक आदि उपस्थित रहे।

## उरई, जालौन : एआरटीओ नें वाहनों पर लगवाई रिफ्लेक्टर टेप,बसों के चालकों को मेडिकल किट दी

लोकतंत्र की आवाज



**उरई, जालौन।** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत आटा टोल प्लाजा पर राजेश कुमार, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) प्रथम दल, आटा टोल प्लाजा के मैनेजर अंकेश श्रीवास्तव, आटा टोल के रोड सेफ्टी इंचार्ज इरफान अहमद, वीर बहादुर सिंह, यातायात प्रभारी, यातायात पुलिस, स्वास्थ्य विभाग से डा0 गोपालकृष्ण सोनी, ज्योति सिंह, राकेश साहू, स्वेता सिंह एवम् समाज सेवियों गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवी अब्दुल अलीम खान (अलीम सर), गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित समाज सेवी ममता स्वर्णकार, गरिमा पाठक, महावीर तरसौलिया, संतोष प्रजापति, अवध नारायण द्विवेदी के संयुक्त सहयोग से चालकों व परिचालकों के नेत्र, स्वास्थ्य, सुगर, ब्लड प्रेशर आदि का परीक्षण किया गया। साथ ही जो भी चालक बिना सीट बेल्ट व बिना हेलमेट के वाहन का संचालन करते मिले उनके विरुद्ध चालान की कार्यवाही करते हुए सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरुक किया गया। साथ ही वाहन चलाते समय स्टंटबाजी न करने, नशे की हालत में वाहन न चलाने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत ढंग से ओवरटेक न करने, राँग साइड वाहन न चलाये जाने हेतु एवं समस्त वैध प्रपत्रों सहित वाहन का संचालन करने की सलाह दी गयी व अनेकों वाहनों में रिफ्लेक्टर टेप लगवाये गए एवं बसों के चालकों को मेडिकल किट प्रदान की गयी व रोडवेज बसों से महाकुम्भ मेले में जाने वाले यात्रियों को यात्रा के बारे में सम्पूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए पूर्ण सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया व बताया गया कि अगर यात्रा में किसी भी प्रकार की असुविधा होती है तो आप प्रशासन का सहयोग लेकर अपनी समस्या का समाधान पा सकते हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा जागरुकता सम्बन्धी पम्पलेटों का वितरण कर सभी को जागरुक किया गया व विभिन्न टोल फ्री नम्बरों की जानकारी प्रदान की गयी।

# नाबालिग से छेड़ छाड़ के आरोप मे केस दर्ज, आरोपी टीचर और उसके 2 साथियों की तलाश जारी

लोक तंत्र की आवाज




**उरई ।** जालौन के उरई कोतवाली क्षेत्र में एक कोचिंग टीचर द्वारा 13 वर्षीय नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। उरई के चुरखी बाईपास स्थित कोचिंग सेंटर में 9 जनवरी को शाम 4:30 बजे हुई इस घटना में शिक्षक दिलीप सिंह ने कक्षा 8 की छात्रा को अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। छात्रा किसी तरह वहां से भागकर अपने घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। जब पीड़िता का पिता कोचिंग सेंटर पहुंचा, तो आरोपी शिक्षक और उसके दो साथियों अंकित और अरण्य ने उनके साथ मारपीट की। आरोपियों ने पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। दो साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही पुलिस, पीड़ित पिता ने उरई कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए पीड़िता को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा और आरोपी शिक्षक दिलीप सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आरोपी शिक्षक और उसके दो साथियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# बिजनौरः जिलाअधिकारी अंकित अग्रवाल का तबादला, जसजीत कौर बनी बिजनौर के डीएम

लोकतंत्र की आवाज





रिपोर्ट मुकेश सिंह
बिजनौर उत्तर प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं को गति देने और प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने गुरुवार देर रात तबादला एक्सप्रेस दौड़ा दी और बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल कर कई जिलों के प्रशासनिक अधिकारियों की कुर्सियां बदल दी गई। इस प्रशासनिक फेरबदल में राज्य के 31 आईएएस अफसरों के ट्रांसफर किए गए, जिसमे तीन मंडलों के कमिश्नर और 14 जिलों के डीएम भी शामिल हैं। इस सूची में बिजनौर के जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल का तबादला कर उन्हें लखनऊ में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग का निदेशक नियुक्त किया गया, जबकि बिजनौर की नई जिलाधिकारी की जिम्मेदारी मेरठ की अपर आयुक्त जसजीत कौर को सौंपी गई है। बताया जाता है कि जसजीत है। कौर एक अनुभवी प्रशासनिक अधिकारी हैं और उनकी गिनती सख्त और जनहितैषी अधिकारियों में होती।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता मे रानी लक्ष्मीबाई विकास भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर निर्देश दिए

लोकतंत्र की आवाज






**उरई जालौन।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की समीक्षा की गई। 100 दिवसी टी. बी मुक्त अभियान की समीक्षा कर निर्देशित किया गया कि शत प्रतिशत लाभार्थियों की जांच की जाये यदि आवश्यक हो तो अतिरिक्त ट्रूनोट मशीन का क्रय कर लिया जाये, सभी विभागों को इस कार्य में सहयोग हेतु निर्देशित किया गया साथ सभी आशा, सीएचओ, एएनएम, का समय से भुगतान के निर्देश दिए। चिकित्सालयों की साफ सफाई, विधुत बैकअप, चिकित्सकों की उपलब्धता इत्यादि विषयों पर प्रमुखता से कार्यवाही के निर्देश दिए, साथ ही चिकित्सकों की प्राइवेट प्रेक्टिस पर भी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकत्सा अधिकारी डॉ एन डी शर्मा द्वारा समस्त चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि मरीजों के समय से उपलब्ध रह कर उपचार किये जाएँ बाहर की दवा ना लिखी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, जिला स्तरीय अधिकारी तथा समस्त ब्लॉक प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों एवं अधीक्षक मौजूद रहे।

# बलिया : खाद्य एवं रसद विभाग के कार्यो योजनाओं प्रगति की समीक्षा

लोकतंत्र की आवाज़



घनश्याम तिवारी
**बलिया।** जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने आज कलेक्ट्रे ट सभागार में खाद्य एवं रसद विभाग (आपूर्ति) के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय कार्यों/योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी एवं सभी पूर्ति निरीक्षकों को निर्देशित किया कि नए राशन कार्ड बनाने एवं राशन कार्ड में संशोधन के लिए प्राप्त आवेदनों का समय सीमा के अन्दर निस्तारण सुनिश्चित किया जाय। कोई भी आवेदन लंबित न रखा जाय। शिकायतों का निस्तारण जांच कर नियमानुसार ही किया जाय। अपात्र लोगों के राशन कार्ड कटने की सूचना संबंधित को अवश्य दिया जाय। शेष रह गए ई-केवाईसी के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कर लिया जाय। जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा से रिक्त दुकानों की जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देशित किया कि आगामी एक से डेढ़ माह के अंदर नियमानुसार रिक्त दुकानों की चयन की कार्यवाही पूर्ण करा लिया जाय। दुकानों के चयन में शासन की गाइडलाइन का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने सिंगल स्टेप डिलीवरी की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष में 75 के सापेक्ष अब तक 45 मॉडल शॉप का निर्माण कर पूर्ण हो चुका है तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 में 75 मॉडल शॉप के निर्माण का लक्ष्य प्राप्त हुआ है, जिसमें जमीन के चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें ।

### रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने, रेलवे बोर्ड के सुरक्षा महानिदेशक से किया मुलाकात



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। रेल यात्री संघ के अध्यक्ष विष्णु खेतान ने,लोधी रोड,नई दिल्ली स्थित भेल के कार्यालय में रविंद्र गुप्ता जी से मुलाकात बड़ी सुखद रही। रविंद्र जी रेलवे बोर्ड के सुरक्षा,महानिदेशक रहे हैं और उनसे हमारा संबंध मालदा रेल मंडल के डीआरएम के जमाने से रहा है। वे वर्तमान में वंदे भारत ट्रेन परिचालन के मामले में एडवाइजर की भूमिका निभा रहे हैं। उनसे रेल के विभिन्न बिंदुओं पर हमारी आज लंबी बातचीत हुई।रविंद्र गुप्ता जी ने देश के कई रेल कोच के डिजाइन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कालका से शिमला नेहरू गेट लाइन पर भी नई कोच,नई मॉडल दिखने वाली ट्रेन का मॉडल रविंद्र गुप्ता जी ने ही तैयार किया है जो की फरवरी 2025 में आपको देखने को मिलेगी आज भी वे रेलगाड़ियों यू और कोचों के आधुनिक तम तकनीकी के विकास के लिए शोध में लगे हुए हैं।

### पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण का समापन



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख

साहेबगंज वित्तीय वर्ष 2024–25 उद्यान विकास योजना अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा चयनित सखी मंडल के दीदी को आज जिला स्तरीय कृषि मेला सह किसान गोष्ठी में बरहेट प्रखंड के 57 किसानों के बीच उद्यानिकी प्रशिक्षण प्रमाण पत्र जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, कृषि विज्ञान केंद्र से माया कुमारी के हाथों द्वारा संयुक्त रूप से प्रमाण पत्र दिया गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने किसानो को उन्नत खेती कर किसान अपना आमदनी का जरिया बढ़ाएं और हमारे जिले के साथ–साथ हमारे राज्य को भी आगे करेंगे। मौके पर मौजूद जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश, जिला मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, बरहेट एटीएम अनवर, उद्यान विभाग से प्रेम पासवान, मुकेश कुमार, कमलेश कुमार झा, अंकित कुमार, बागवान मित्र राजेंद्र साह, सखी मंडल की दीदी एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

### बिजली के झटके से बंदर की मौत



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड अंतर्गत सलेमपुर पंचायत स्थित दुबौली ग्राम में यादव टोला में शुक्रवार को सुबह आठ बजे के समय बिजली के झटके लगने से बंदर की मृत्यु हो गई ।वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में काफ़ी आक्रोश है ।स्थानीय निवासियों का कहना है कि विभाग द्वारा विगत कुछ वर्ष पहले ग्राम के बीचों बीच से गुजरने वाली गली में विद्युत विभाग के कर्मी द्वारा ग्यारह हजार के नंगा तार खींचा गया था । जिससे आए दिन लोगो के जान पर खतरा बना रहता है । वही बंदर के मृत्यु को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि माह दो माह के बाद ऐसी घटना होते रहती हैं ।विभाग के अधिकारियों से अनुरोध करने पर बात को टालमटोल किया जाता हैं । आए दिन बड़ी घटना को आमंत्रण दे रहा हैं ।बिजली का नंगा तार को कभर करने की जरूरत है ।मौके पर रामप्रवेश यादव, महेंद्र यादव, जिछु राय, आशीष यादव, अभिषेक यादव, सहित अन्य ग्रामीणों ने नंगे तार के स्थान परिवर्तन की बात कही ।

# 2047 तक भारत को विकसित बनाने में कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका महत्वपूर्ण होगी : कुलपति डॉ. पी एस पांडेय

लोकतंत्र की आबाज



**रामजी कुमार**

**समस्तीपुर।** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि पुसा के विद्यापति सभागार में चल रहे अनुसंधान परिषद की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन बाह्य विशेषज्ञ व अनुसंधान से जुड़े अन्वेषकों को संबोधित करते हुए पुसा विवि के कुलपति डॉ. पी एस पांडेय ने कहा कि मौजूदा समय में पुसा विवि कार्नेल विश्वविद्यालय अमेरिका समेत कई अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ मिलकर कई तरह के अनुसंधान को कर रहा है। उन्होंने कहा की 2047 तक भारत को विकसित बनाने में खासकर कृषि वैज्ञानिकों की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान परियोजनाओं में किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता दी गई है। विश्वविद्यालय वैज्ञानिकों के लिए हर तरह की सुविधा उपलब्ध करवा रहा है।

पुसा विवि के लगभग पचास से अधिक वैज्ञानिकों ने पिछले दो वर्षों में बीस से अधिक देशों में पहुँचकर अनुसंधान से जुड़े कार्यो को किया है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में अनुसंधान को लेकर एक नया माहौल बना है जिसके परिणाम आने वाले समय में कृषि के लिए लाभकारी होंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए धारवाड़ कृषि विवि के पूर्व कुलपति एवं बाह्य विसेसज्ञ डॉ. एमवी चेट्टी ने सर्वप्रथम पुसा विश्वविद्यालय के प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुसा विवि ने पिछले दो से ढाई सालों में 13 पेटेंट, छह किस्में और 18 से अधिक तकनीकों का विकास किया हैं जो काफी सराहनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नवसारी कृषि विवि के पूर्व कुलपति एवं बाह्य विशेषज्ञ डॉ. एआर पाठक ने वैज्ञानिकों के राष्ट्र के प्रति योगदान के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कृषि वैज्ञानिक व अनुसंधान अन्वेषकों से सटीक और निष्पक्ष डेटा जुटाने के आवश्यकता पर भी बल दिया। पुसा विवि के अनुसंधान निदेशक डॉ.एके सिंह ने कहा की विश्वविद्यालय में अनुसंधान को कुलपति के बेहतर मार्गदर्शन और प्रवेयक्षण के कारण एक नई दिशा मिली है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के सभी अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा बाह्य विशेषज्ञों से हर छह महीने पर कराई जाती है। निरंतर समीक्षा होने से पहले की तुलना में अब अनुसंधान की क्वालिटी काफी अच्छी हो गई है। मौके पर निदेशक प्रसार शिक्षा डॉ. मयंक राय, निदेशक शिक्षा डॉ. उमाकांत बेहरा, डीन बेसिक साइंस डॉ. अमरेश चंद्रा, डीन इंजीनियरिंग डॉ. राम सुरेश वर्मा, डीन वानिकी डॉ. आर के झा, डीन कम्युनिटी साइंस डॉ. उषा सिंह, पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. राकेश मणि शर्मा, डॉ. मुकेश कुमार, डॉ. महेश कुमार, डॉ. शिवपूजन सिंह, डॉ. शंकर झा, डॉ. कुमार राज्यवर्धन समेत विवि के विभिन्न शिक्षक, वैज्ञानिक, बाह्य विशेषज्ञ के अलावे पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

**फसलों के तीन प्रभेद और पांच कृषि तकनीकों को रिलीज के लिए परिषद में किया गया प्रस्तुत:** डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विवि पुसा के विद्यापति सभागार में चल रहे अनुसंधान परिषद की तीन दिवसीय बैठक के दूसरे दिन मक्का के दो प्रभेद राजेंद्र मक्का 5 व राजेन्द्र मक्का 6 के अलावे मसूर के एक प्रभेद राजेंद्र मसूर 2 के साथ-साथ 5 कृषि तकनीकों को भी रिलीज करने के लिए परिषद में मौजूद कुलपति, बाह्य विशेषज्ञ एवं अनुसंधान से जुड़े वैज्ञानिकों के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### अरुण सिंह बनाए गए बोरियो के विधायक प्रतिनिधि, कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल



**लोकतंत्र की आवाज**

**साहिबगंज।** बोरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक धनंजय सोरेन ने झामुमो पार्टी के समर्पित जुझारू नेता अरुण सिंह को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है । विधायक धनंजय सोरेन ने इसकी सूचना उपयुक्त को पत्र लिख कर दिया है पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा है कि मिर्जाचौकी,उतरी महादेववरन के रहने वाले अरुण सिंह को बोरियो विधानसभा क्षेत्र से अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त करता हु जो मेरे अनुपस्थिति में क्षेत्र के विकास कार्यों को देखेंगे साथ ही विकास से संबंधित बैठकों में शामिल होंगे । अरुण सिंह को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त होने पर बबलू मिश्रा , शंटी मिश्रा , राजेश राम , गोपाल घोष, राजू यादव, हीरा यादव, राजीव जायसवाल, वीरेंद्र साह सहित मंडरो , बोरियो के झामुमो कार्यकर्ताओं ने अरुण सिंह को बधाई दी। साथ ही विधायक धनंजय सोरेन को भी धन्यवाद दिया है ।

### एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन की सफलता हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित



**लोकतंत्र की आवाज**

**एकमा (सारण)।** भाजपा मांझी पश्चिमी मंडल के कार्यकर्ताओं की एक अहम बैठक शुक्रवार को ब्लॉक रोड स्थित त्रिदेव मंदिर के परिसर में आयोजित की गई। बैठक में आगामी 20 जनवरी को आयोजित होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन में क्षेत्र से व्यापक भागीदारी सुनिश्चित करने पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को आगामी रणनीति से अवगत कराते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष आदित्य कुमार दुबे ने की।

बैठक में भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, कार्यक्रम प्रभारी मुकेश कुमार सिंह, सह प्रभारी सुबोध सिंह, जितेन्द्र कुमार मिश्रा, शशि शेखर सिंह, वीरेश सिंह, मनीष कुमार सिंह, मंजेश कुमार पाठक, अभय मिश्रा, लाल बहादुर प्रसाद, शैलेश प्रसाद बिंद, चंदन कुमार सिंह, विक्की सावन, संजय तिवारी, अरविंद कुमार सिंह आदि अन्य लोग शामिल थे।

## भाकपा माले नेताओं ने एल्युमीनियम फैक्ट्री बॉयलर ब्लास्ट मे मृतक एवं घायलों के लिए राखी बड़ी मांग

लोकतंत्र की आबाज



**समस्तीपुर।** भाकपा माले नेताओं ने शुक्रवार को एल्युमीनियम फैक्ट्री बॉयलर ब्लास्ट मामले में फैक्ट्री में पहुँचकर घटनास्थल को देखा तथा आस-पास के लोगों से हादसे की विस्तृत जानकारी ली। माले नेताओं के टीम में भाकपा-माले राज्य कमिटी सदस्य सह खेग्रामस राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी, खेग्रामस राज्य उपाध्यक्ष जीवछ पासवान, भाकपा-माले जिला स्थायी समिति सदस्य सह माले प्रखंड सचिव अमित कुमार एवं खेग्रामस जिलाध्यक्ष उपेन्द्र राय शामिल थे।

माले नेताओं ने मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। माले नेताओं ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर मृतकों के परिजनों को सरकारी नौकरी एवं 50 लाख रुपये का मुआवजा देने की मांग सरकार से की। माले के राज्य कमिटी सदस्य सह खेग्रामस राज्य सचिव शत्रुघ्न सहनी ने कहा की कंपनी के मालिक की लापरवाही के कारण आज चार मजदूरों की जान चली गई। एक गंभीर रूप से जख्मी हालत में अब भी ईलाजरत हैं। यह इतनी बड़ी घटना थी कि इस हादसे में किसी मजदूर का सर, किसी का हाथ तो किसी का पैर उड़ गया। उन्होंने कहा कि अभी तक कंपनी के मालिक पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

उन्होंने कहा कि अगर उद्योग व श्रम विभाग दोनो में से किसी विभाग के अधिकारी ने समय से पूर्व फैक्ट्री की जांच कर संचालक पर कार्रवाई की होती तो शायद आज इतनी बड़ी घटना नहीं होती। उन्होंने कहा कि आज भी जिले में दर्जनों ऐसी फैक्ट्री हैं जिसका निबंधन नहीं है और अवैध रूप से इसका संचालन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हादसे के जिम्मेवार फैक्ट्री संचालक और कार्य में लापरवाही बरतने वाले संबंधित पदाधिकारियों पर भी कार्रवाई होनी चाहिए।

## फणीश्वरनाथ रेणु जयंती समारोह, बिहपुर में शिरकत करेंगे पूर्व विधानसभाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर।** राष्ट्रीय शिक्षक दिवस समारोह, बिहपुर के मुख्य अतिथि रहे पूर्व विधानसभाध्यक्ष व राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय नारायण चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि रहे राजद के प्रदेश प्रवक्ता अरूण यादव को प्रदेश कार्यालय पटना में राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने स्मृतिचिन्ह व अंग वस्त्र देकर किया सम्मानित।

बता दें कि 3 जनवरी 2025 को माता सावित्रीबाई फुले की जयंती पर राष्ट्रीय शिक्षक दिवस बिहपुर के बहुजन चेतना केन्द्र में समारोह पूर्वक मनाई गई थी।जिसमें हजारों गणमान्य महिला-पुरुष शामिल हुए थे। इस आयोजन के आयोजक गौतम कुमार प्रीतम ने बताया कि किसी कारण वस बिहपुर नही पहुंच पाए थे।इसलिए सावित्रीबाई फुले स्मृतिचिन्ह पटना आकर भेंट किया साथ ही पुनः बिहपुर आने का निमंत्रण दे दिया।जिसमें उदय नारायण चौधरी व डॉ.अनील सहनी ने कहा हम निश्चित रूप से 4 मार्च को फणीश्वरनाथ रेणु जयंती व शहीद जुब्बा सहनी को याद करने बिहपुर आएंगे। उक्त बातों की जानकारी देते हुए राजद नेता गौतम कुमार प्रीतम ने कहा सामाजिक न्याय की लड़ाई मजबूत करने को लेकर होगा ये कार्यक्रम. बिहपुर को अपने हक-अधिकार और न्याय-सम्मान हासिल के थीम पर करेंगे विशाल बहुजन जुटान।

## छपरा शहर में ऑटो/ई-रिक्शा परिचालन हेतु रूट निर्धारित करने की तैयारी शुरू

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा (सारण)।** शहर में ऑटो और ई-रिक्शा के अनियंत्रित परिचालन के कारण लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए जिला प्रशासन ने पहल की है। जिलाधिकारी अमन समीर ने इस समस्या का समाधान निकालने के लिए सभी चिन्हित रूटों पर ऑटो/ई-रिक्शा की संख्या को सीमित और नियंत्रित करने का निर्णय लिया है।

जिलाधिकारी ने पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने निर्देश दिया कि शहर के विभिन्न रूटों पर वर्तमान ट्रैफिक लोड और क्षमता का आकलन चार दिनों के भीतर पूरा किया जाए। आकलन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न रूटों पर परिचालन के लिए आवेदन मांगे जाएंगे। इन आवेदनों के आधार पर ही प्रत्येक रूट के लिए ऑटो/ई-रिक्शा की सीमित संख्या में परिचालन की अनुमति दी जाएगी। इस योजना का उद्देश्य न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या को हल करना है, बल्कि आम जनता को सुविधा प्रदान करना भी है।बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक यातायात समेत अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक प्रखंड कमेटी का किया गया पुनर्गठन



**लोकतंत्र की आवाज**

उधवा( साहिबगंज)। प्रखंड के मोहनपुर पंचायत सचिवालय के समीप शुक्रवार को झारखंड मजदूर संघ प्रजातांत्रिक प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन को लेकर एक बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मोहन मंडल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से केन्द्रीय महामंत्री राजुकमार यादव शामिल हुए। इस दौरान बैठक में उधवा प्रखंड कमेटी के पुनर्गठन को लेकर चर्चा किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से जीवन घोष को प्रखंड अध्यक्ष,मिथून घोष को कार्यकारी अध्यक्ष,विश्वजीत मंडल को प्रखंड महामंत्री,रूपचंद राय,तूफान घोष को उपाध्यक्ष,चंपा विद्य को संयुक्त मंत्री,रूबेदा खातुन व अब्दुल बसर को सहायक मंत्री, कृष्णा घोष को कोषाध्यक्ष,कार्तिक घोष को संगठन मंत्री तथा सागर ठाकुर,मानिक राय, विनय कुमार मंडल,लालचंद घोष को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। मौके पर ललित कुमार सिंह,मिथून राजवंशी,शांति देवी सहित अन्य मौजूद थे।

## जिला सुरक्षा व कारा सुरक्षा को लेकर उपायुक्त हेमंत सती की बैठक

**लोकतंत्र की आवाज**



**मामलोत सेख**

**साहेबगंज।** कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी- सह- उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा एवं कारा सुरक्षा को लेकर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और जेलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कई मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह मौजूद रहे।

बैठक में उपायुक्त ने जिले की वर्तमान सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और कहा कि जिले की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उपायुक्त ने जेल में अनुशासनहीनता और अपराधियों के बीच बढ़ते असामाजिक गतिविधियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की। इस संदर्भ में, उन्होंने जेल में मौजूद अभद्र और हिंसक प्रवृत्ति के कैदियों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए।

**अभद्र कैदियों पर सख्ती और सेल में रखने का निर्णय :** बैठक में निर्णय लिया गया कि जेलों में अनुशासन भंग करने वाले या बार-बार असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कैदियों को अलग सेल में रखा जाएगा। उपायुक्त ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि ऐसे कैदियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और उनकी गतिविधियों पर हर समय नजर रखी जाए। उन्होंने कहा, ₹जेल सुधार गृह हैं, लेकिन जो कैदी बार-बार कानून का उल्लंघन करें, उन पर सख्त कार्रवाई करना जरूरी है। जेल के बाह्य परिसर में जैविक सब्जियों का उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल में कैदियों को रचनात्मक और उत्पादक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास हो सके। राजमहल कारागार के बाह्य परिसर में स्थित तालाब को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल कारा परिसर को हरित और स्वच्छ बनाने के साथ-साथ कैदियों को जल संरक्षण की उपयोगिता सिखाने का भी माध्यम बनेगी। सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि वे मंडल कारा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और तीन सहायक नर्स मिडवाइफ की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल अत्यंत आवश्यक है।

उपायुक्त ने सार्जेंट मेजर को निर्देशित किया कि वे सभी पदाधिकारियों के अंगरक्षकों और होमगार्ड्स को नियमित और प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की दक्षता और सतर्कता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों पर आधारित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी,राजमहल विमल सोरेन, जेल अधीक्षक चंद्र शेखर सुमन, भू-अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास , सार्जेंट मेजर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अर्चना राय को मिला उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक का प्रभार



मधुबनी सूरज यादव

बगहा/पिपरासी, प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय परसौनी की शिक्षक अर्चना राय को बीईओ ने प्रधानाध्यापक नियुक्त किया है। बीईओ उमेश कुमार ने बताया कि परसौनी विद्यालय के प्रधानाध्यापक भारत शाह का स्वास्थ्य खराब है। इसको लेकर इनके द्वारा प्रधानाध्यापक पद से मुक्त करने को लेकर आवेदन दिया गया इस है। जिसमें चिकित्सालय प्रमाण पत्र भी स्वास्थ्य संबंधित संलग्न है। जिसको देखते हुए शिक्षिका अर्चना राय को उक्त पद को लेकर पत्र जारी कर दिया गया है। हालांकि, अभी तक प्रभार ग्रहण नहीं की है। शीघ्र ही प्रभार ग्रहण कर लेंगी।

### सहोदरा थाना क्षेत्र के अररिया बारवा गांव के सरेह में अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी

सहोदरा/थाना क्षेत्र के अररिया बारवा गांव के समीप सरेह में एक अज्ञात महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई है। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि गन्ना के खेत में एक अज्ञात महिला का शव फेंका हुआ है। इस घटना की सूचना पुलिस अधीक्षक बेत्तिया को प्राप्त हुई उसके बाद। उसके बाद घटना स्थल पर थाना अध्यक्ष सहोदर, यातायात पुलिस उपाधीक्षक बेत्तिया को भेज कर स्थलीय जांच किया गया। जांच के क्रम में पाया कि यह अज्ञात महिला जिसका उम्र करीब 25 वर्ष है। शव को देखने से प्रथम दृश्टिया प्रतीत हो रहा है कि किसी अन्यत्र स्थान पर हत्या कर साक्ष्य मिटाने की नीयत से लाकर फेंका गया है। घटना करीब 4 या 5 दिन पूर्व का है। घटना स्थल पर विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम तथा डॉग स्क्वायड टीम को बुलाया गया अग्रतर करवाई किया जा रहा है, उदवेदन अविलम्ब कर लिया जायेगा।

### न्यायिक कर्मचारी के हड़ताल के कारण समस्तीपुर न्यायालय का सभी कामकाज रहा ठप



समस्तीपुर। बिहार राज्य न्यायिक कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे बिहार में चल रहे न्यायिक कर्मचारी के हड़ताल के कारण समस्तीपुर न्यायालय का सभी कामकाज ठप है। समस्तीपुर न्यायालय परिसर के मुख्य द्वार पर समस्तीपुर जिले के सभी कोर्ट के न्यायिक कर्मचारी धरने पर बैठे हुए हैं। आंदोलन के दूसरे दिन एन जी संघ बिहार की ओर से आंदोलनकारी को लिखित समर्थन दिया गया। एनजीओ की ओर से बिहार एनजीओ संघ के महासचिव अधिवक्ता संजय कुमार बबलू ने अपने वक्तव्य में कहा न्यायिक कर्मचारियों की चार सूत्री मांग बिल्कुल जायज हैं। सरकार को इनकी मांगों को अविलंब मानते हुए हड़ताल को समाप्त करने की दिशा में कदम उठाना चाहिए। प्रतिनिधि मंडल में नई पहचान के सचिव आलोक कुमार सिंह संजना संकल्प फाउंडेशन के श्रुति सेतु शांडिल्य सहायता संकल्प फाउंडेशन के लालबाबू पांडे प्रगति आदर्श सेवा केंद्र की आरती कुमारी आदि उपस्थित थे। न्यायिक कर्मचारी संघ समस्तीपुर के पदाधिकारियो ने कहा एन जी ओ संघ के पदाधिकारी का आभार प्रकट करते हुए कहा आपके समर्थन से हमारे आंदोलन का मनोबल बढ़ा है हम अब और मजबूती से लड़ाई लड़ सकेंगे।

# प्रतिभा को नैतिक जागरण मंच ने किया सम्मान, गुदरी के लाल आलोक ने कैप्टन बनकर बगहा का नाम किया रोशन

## 2019 में आलोक कुमार कैप्टन पद को अधिगृहीत किए

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा ।** 2 निवासी श्री छोटेलाल प्रसाद गुप्ता के पुत्र आलोक कुमार गुप्ता ने भारत के सबसे प्राचीन बटालियन गोरखा राइफल्स के कैप्टन पद पर पहुंचकर, आज बगहा का नाम रोशन कर रहे हैं । ज्ञात हो कि इनके पिताजी स्टेट बैंक स्टेशन चौक बगहा के पास एक छोटे से होटल का संचालन आज करते है। लेकिन आलोक ने अपने पिता के मजबूरी को समझा और मन में संकल्प लेकर आज वह कर दिखाया जो बगहा के लिए एक हर लोगों के लिए नजीर बने हुए हैं । कैप्टन आलोक कुमार गुप्त ने पठखौली मिडिल स्कूल दोस्त अपनी पढ़ाई पूरी की। उसके बाद सैनिक स्कूल गोपालगंज से अपनी आगे की पढ़ाई पूरी की तथा 2015 में एनडीए (नेशनल डिफेंस अकादमी )में चयनित हुए। 2019 में आलोक कुमार कैप्टन पद को अधिगृहीत किए।एक जबरदस्त चलांग लगाते हुए आज जम्मू कश्मीर में गोरखा राइफल रेजीमेंटईकाई 5/4 के कप्तान है । कैप्टन आलोक की मानें तो शीघ्र ही मेजर बनने वाले हैं । नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के सचिव ने जब उनसे बात की कि आपकी क्या इच्छा रहती है ?तब कैप्टन आलोक बताते हैं कि बगहा के बच्चे एनडीए के बारे में जाने सोचे ,समझे । मैं चाहता हूं कि बच्चे एनडीए के माध्यम से



भारत के सुरक्षा तंत्र का हिस्सा बनें। आलोक के इसी जज्बे से प्रभावित होकर आज नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कर कैप्टन आलोक को चंपारण का चंपा पुष्प का पौधा र अंग वस्त्र समर्पित कर उनका सम्मान किया गया। इस मौके पर नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष के अरुण कुमार सिंह उपाध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह सचिव निप्पू कुमार पाठक सनातन बचेगा, तो देश बचेगा के सलाहकार समन्वयक गिरींद्र पांडेय, कैप्टन आलोक के पिता छोटेलाल प्रसाद गुप्ता, में बहुत लोग उपस्थित थे । सचिव निप्पू कुमार पाठक ने कैप्टन आलोक को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि इतनी ऊंचाई पर पहुंचकर आपकी सरल व्यक्तित्व सराहनीय है। बगहा के बच्चों के प्रति कुछ करने की जज्बा प्रशंसनीय है।आप यहां के बच्चों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनें ।यह मंच की शुभकामना है । सचिव निप्पू कुमार पाठक ने कहा कि आपकी सफलता पर केवल आपके घर के लोग ही नहीं, अपितु पूरा बगहा गर्व महसूस कर रहा है। आपके मेजर बनने की हम सभी की प्रतीक्षा रहेगी। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो एक बड़े कार्यक्रम में आपको बेहतर ढंग से सम्मानित किया जाएगा।

## समस्तीपुर में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता सेमिनार का आयोजन



लोकतंत्र की आबाज

**समस्तीपुर ।** गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज, समस्तीपुर में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार में कई प्रमुख गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए। कार्यक्रम में श्री राम जानकी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. जीसी कर्ण, श्री रामचंद्र सेवा सदन के निदेशक डॉ. मनोज कुमार सिंह, कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. आर. एम. तुगनायत, प्रो. शिव रामा कृष्णा, नारायण इन्फो समस्तीपुर के निदेशक कुणाल कुमार और राम जानकी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के स्वास्थ्य प्रबंधक अंजनी आनंद शामिल थे। डॉ. मनोज कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में मानसिक स्वास्थ्य को वर्तमान समय की एक गंभीर चुनौती बताया और इसके कई कारणों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित ऐतिहासिक उदाहरणों का उल्लेख किया और इसके प्रभावी समाधान के उपायों पर प्रकाश डाला। उनका संदेश था कि मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, ताकि समाज में इसके प्रति जागरूकता बढ़ सके और हम मानसिक शांति और संतुलन की ओर बढ़ सकें। श्री राम जानकी मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के अधीक्षक डॉ. जीसी कर्ण ने भी मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता के महत्व को समझाते हुए कहा कि यह केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल से हम जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बना सकते हैं और समाज में एक सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। नारायण इन्फो समस्तीपुर के निदेशक कुणाल कुमार ने भी इस विषय पर अपने विचार साझा किए और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के उपायों पर बात की। उन्होंने कहा कि इस तरह के सेमिनारों का आयोजन समय की आवश्यकता है, ताकि हम मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े मिथकों को तोड़ सकें और एक स्वस्थ समाज की ओर अग्रसर हो सकें। इस कार्यक्रम में कॉलेज के शिक्षक और सैकड़ों छात्र उपस्थित थे।

## मोतिहारी: सिकरहना अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा किया गया उच्च विद्यालय का निरीक्षण



लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**पूर्वी चम्पारण ।** अनुमंडल पदाधिकारी, सिकरहना (ढाका) द्वारा माननीय मुख्यमंत्री, बिहार के प्रगति यात्रा के दौरान किए गए घोषणा के आलोक में ढाका प्रखंड अंतर्गत गांधी उच्च विद्यालय, बड़हरवा लखनसेन (बुनियादी विद्यालय) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में गांधी संग्रहालय/विद्यालय के विकास, सौंदर्यीकरण और पर्यटन के दृष्टिकोण से विकसित करने तथा गांधी जी के धरोहर को संजोने के लिए किए जाने वाले कार्यों का जायजा लिया गया। वहीं निरीक्षण के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी, ढाका और विद्यालय के प्रधानाध्यापक उपस्थित थें।

## मोतिहारी : एमडीए कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन – जन– जागरूकता के साथ 10 फ़रवरी से खिलाई जाएगी सर्वजन दवा

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी ।** 17 जनवरी, जिला मलेरिया कार्यालय में डीवीभीडी सीओ डॉ शरत चन्द्र शर्मा की अध्यक्षता में एमडीए कार्यक्रम की तैयारी एवं सफलता को लेकर समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया की जन– जागरूकता के साथ आगामी 10 फ़रवरी से सर्वजन दवा खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिले के भीडीसीओ, पिरामल स्वास्थ्य, सिफार के जिला एवं प्रखंड प्रतिनिधि शामिल हुए।मौके पर उपस्थित जिले के अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान ने बताया की फाइलेरिया एक बार होने पर जीवन में कभी ठीक नहीं होता है यह मच्छर के काटने से फैलने वाला रोग है



इसलिए इससे जन समुदाय को सुरक्षित रहने के लिए आसपास स्वछता जरुरी है, साथ ही जनसमुदाय को वर्ष में एकबार खिलाई जाने वाली सर्वजन दवा का सेवन करने के लिए जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं प्रचार प्रसार के लिए जन प्रतिनिधियों का सहयोग बहुत जरुरी है।वहीं जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी के द्वारा सिफार के जिला प्रतिनिधि बिनोद श्रीवास्तव से रोगी हित धारक मंच का गठन, कर कार्यक्रम में सहयोग, जन जागरूकता, की जानकारी ली गईं। उन्होंने चार ब्लॉक मे चल रहे रोगी हित धारक मंच का गठन, स्कूल एवं समुदाय मे जागरूकता अभियान चला कर फैलेरिया बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने, एमएमडी पी किट वितरण की बातें बताई मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ श्रवण कुमार पासवान, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ शरत चंद्र शर्मा, भीडीसीओ धर्मेंद्र कुमार, सत्यनारायण उरांव, गौतम कुमार, राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, भीबीडीसी, अभिषेक कुमार, सिफार जिला प्रतिनिधि विनोद श्रीवास्तव, बिट्टू कुमार, पीरामल स्वास्थ्य, भीडीसीओ व अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थें।

## मोतिहारी:हरसिद्धि थाना का एसपी ने किया निरीक्षण, मिशन अनुसंधान व लंबित मामले के निष्पादन का दिया निर्देश,

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ शशिकांत**

**मोतिहारी ।** एसपी स्वर्ण प्रभात गुरुवार को हरसिद्धि थाना का गहन निरीक्षण किया। मिशन अनुसंधान के तहत बेहतर कार्य करने का नसीहत दिया। उन्होंने थाना में लंबित मामलों की जानकारी ली, संबंधित अनुसंधारक पदाधिकारी को त्वरित निष्पादन का आदेश दिया। हाजत सहित पुलिस बैरक का भी जायजा लिया। थाना के अभिलेखों का अवलोकन किया। शराबबंदी को पूर्णरूपेण सफल बनाने पर काम करने का आदेश दिया। पुलिस गस्ती को तेज करने व संदिग्ध जगहों पर विशेष नजर रखने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बेहतर कार्य करने वाले को पुरस्कृत किया जाएगा और लापरवाही



करने वाले कर्मी पर करवाई की जाएगी। हाल फिलहाल में हुए अपराधिक घटनाओं में अद्यतन अनुसंधान की जानकारी ली। जांच के बाद उन्होंने बताया कि अपराधियों की संपति को जप्त किया जाएगा। अपराधिक मामले में अपराधियों को स्पीडी ट्रायल से सजा दिलाने का काम किया जाएगा। माफिया को प्रश्रय देने वालों पर भी करवाई की जाएगी। मौके पर अरेराज डीएसपी रंजन कुमार, थानाध्यक्ष सर्वेद्र कुमार सिन्हा, दारोगा रवि रंजन कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

## चंपारण डीआईजी ने एसपी ऑफिस का किया औचक निरीक्षण , दिया निर्देश

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने गुरुवार की शाम बगहा एसपी कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अपराध नियंत्रण के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए।सबसे पहले उन्होंने कार्यालय में समकालीन अभियान के तहत गंभीर मामलों की बिंदुवार समीक्षा की और लंबित मामलों के जल्द से जल्द निष्पादन के लिए पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।डीआईजी ने विभिन्न कांडों में फरार चल रहे अभियुक्तों के विरुद्ध विशेष छापेमारी अभियान चलाकर उन्हें गिरफ्तार करने का निर्देश दिया।उन्होंने विशेष अभियान चलाकर अभियुक्तों के घर पर कुर्की जब्ती करने की कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया।वही शीतलहर के दौरान चोरी के साथ–साथ आपराधिक घटनाओं में वृद्धि की



संभावना को देखते हुए डीआईजी ने शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक चुस्त–दुरुस्त पुलिस व्यवस्था बनाए रखने पर जोर दिया।साथ ही उन्होंने शाम और रात के समय नियमित रूप से गश्त करने के आवश्यक निर्देश दिए।डीआईजी ने स्वयं एसपी के साथ एनएच 727 मुख्य मार्ग स्थित रेलवे स्टेशन ढाला चौक, रेलवे स्टेशन चौराहा, चित्रांगदा सिनेमा चौक, डीएम एकेडमी चौक पर अपराध नियंत्रण के लिए ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की मॉनिटरिंग की और ड्यूटी पर मौजूद पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कई आवश्यक निर्देश दिए।उन्होंने थानाध्यक्षों को पुलिस–पब्लिक मैत्रीपूर्ण संबंध कायम रखते हुए थाना क्षेत्र में विधि–व्यवस्था के बीच शांति व्यवस्था कायम रखने का भी निर्देश दिया।उन्होंने कहा पुलिस को कानून व्यवस्था के साथ–साथ क्षेत्र में अमन–चैन और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर भी ध्यान देना चाहिए।मौके पर एसडीपीओ कुमार देवेन्द्र, मुख्यालय डीएसपी दयानंद शर्मा, इंस्पेक्टर संजय कुमार पाठक, इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अनिल कुमार, पटखौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी और पुलिस जवान मौजूद थे।

## 335 आंगनबाड़ी सेविकाओं में हुआ सुधा दूध का पैकेट वितरण

लोकतंत्र की आवाज

**ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा**

**बगहा ।** एक प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय की ओर से शुक्रवार को आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं में 335 आंगनबाड़ी केंद्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं में सुधा दूध का पैकेट वितरण कर दिया गया। आईसीडीएस बगहा एक के निम्न वर्गीय लिपिक संजीत कुमार की मौजूदगी में शेष बचे आंगनबाड़ी सेविकाओं में सुधा दूध का पैकेट वितरण किया गया।इस दौरान एक–एक आंगनबाड़ी सेविका में 38 सुधा दूध का पॉकिट वितरण किया गया। इस संदर्भ में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मो० सोहैल अहमद ने बताया कि प्रखंड बगहा एक में संचालित 335 आंगनबाड़ी केंद्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं में लिपिक संजीत कुमार के द्वारा सुधा दूध का पैकेट वितरण कर दिया



गया है। शेष बची आंगनबाड़ी सेविकाएं कार्यालय पहुंची हुई थी। जिनमें सुधा दूध का पैकेट वितरण कर दिया गया।इसके साथ सीडीपीओ मो.सोहैल अहमद ने आंगनबाड़ी सेविकाओं को निर्देश दिया कि सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं में सुधा दूध का (पाउडर)पैकेट वितरण कर दिया गया है। उन्हे अपने आगनबाड़ी केंद्रों के नामित बच्चों में वितरण करना सुनिश्चित करेगी।उन्होंने बताया कि दूध पाउडर में मौजूद पोषक तत्व बच्चों को कुपोषण मुक्त एवं सेहतमंद बनाने में पूर्व से ही महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और विशेषकर ग्रामीण इलाकों में आंगनबाड़ी सेविकाएं कुपोषण की दर में कमी लाने के लिए तीन से छह साल के बच्चों को सुधा दूध का पाउडर को देना सुनिश्चित करेगी।मौके पर आईसीडीएस आईसीडीएस के निम्न वर्गीय लिपिक संजीत कुमार, परिचारी सुरेश राम सहित तमाम आगनबाड़ी सेविकाएं मौजूद रही।

## गौनाहा : एसएसबी 44 वी बटालियन द्वारा सिलाई प्रशिक्षण का किया गया शुभारंभ

लोकतंत्र की आवाज

**गौनाहा ।** प्रखंड सशस्त्र सीमा बल के 44 वी बटालियन नरकटियागंज द्वारा शुक्रवार को गौनाहा प्रखंड परिसर में आयोजित उद्घाटन सह समापन समारोह में इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण प्राप्त 50 प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र व टूलकिट दिया गया।समारोह का बिधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि वाल्मीकि नगर सांसद सुनील कुमार कुशवाहा, विशिष्ट अतिथि एसएसबी के डीआईजी सुरेश सुब्रिहिमन, कमांडेंट बलवंत सिंह नेगी, बीडीओ शिवजन्म राम, रेंजर सुनील कुमार पाठक, आरओ दीपक कुमार द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की गई।सांसद सुनील कुमार कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि एनडीए सरकार में भारत का विकास हुआ है और हो रहा है। मान्यवर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का सर्वागिग विकास हो रहा है।सभी क्षेत्रों में लोगों की बेरोजगारी दूर हुई




है, एसएसबी की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत एसएसबी 44वीं बटालियन द्वारा बेरोजगार युवकों को इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल बनाने, जनरेटर बनाने, रेडियो बनाने, घड़ी बनाने का प्रशिक्षण देकर उन्हें रोजगार दिया जा रहा है। ऐसे ही महिलाओं को सिलाई, कटाई, रंगोली पेंटिंग, ब्यूटीशियन आदि का प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है, ताकि उन्हें परिवार पर निर्भर नहीं रहना पड़े।एसएसबी के डीआईजी सुरेश सुब्रिहिमन ने भी नागरिक कल्याण कार्यक्रम पर विस्तार पूर्वक चर्चा की।कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत पचरौता, तीन लालटेन व भंगहा बाजार में 30 दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ 17 जनवरी से 17 फरवरी तक किया जा रहा है, जबकि सिरसिया व जमौली में प्रशिक्षण प्राप्त 50 युवकों को इलेक्ट्रिशियन का प्रमाण पत्र दिया गया।जिन्होंने 21 दिसंबर 2024 से 11 जनवरी 2025 तक प्रशिक्षण प्राप्त किया है।कुमार फाउंडेशन टीम द्वारा 88 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वह सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त कर सके।एसएसबी 44वीं बटालियन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान, स्वच्छ भारत अभियान व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भी चलाया जा रहा है।मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को अंग वस्त्र, डायरी व कलम देकर सम्मानित किया गया।मौके पर प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के कृष्ण मोहन कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक अमित कुमार उर्फ गुड्डू, डॉक्टर शाही कुमार, नागेंद्र राम, अनुराग कुमार, राजीव कुमार, आदि उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सिरदला– पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला पुलिस ने क्षेत्र के पिरौटा गांव में छापेमारी कर एनबीडब्लू एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। सिरदला थाना अध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटी की पहचान पिरौटा का निवासी नरेश राजवंशी के पुत्र राजू राजवंशी बताया गया है। जिसे पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

### सिरदला– पुलिस ने 515 लीटर महुआ शराब के साथ दो बाइक को किया जब्त

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

सिरदला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर जेंधौल गांव हीरानगर के पास से दो बाइक पर लदा 515 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। थानाध्यक्ष संजीत राम से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की भनक लगते ही धंधेबाज भागने में सफल रहा। जिसे थाना परिसर लाया गया है। तथा भागे धंधेबाज एवं वाहन मालिक के विरुद्ध शराब अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### 25 जनवरी को महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में विलय 4 फरवरी से होगा मंगल मिलन अभियान: प्रदेश अध्यक्ष

डा. रूद्र किंकर वर्मा

अररिया। आगामी 25 जनवरी को प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का विधिवत विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज और फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर हज़ारों संतों की उपस्थिति में जूना अखाड़े के मुखिया हरि गिरी जी महाराज हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत के मुख्य उद्देश्य 'हिन्दू राष्ट्र निर्माण' से संबंधित कैलेंडर का विमोचन करेंगे।यह जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने अररिया जिले के एक निजी विद्यालय में आयोजित जेएसएफ अररिया जिला कार्यकर्ता बैठक के दौरान दी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस ऐतिहासिक घटना का साक्षी बनने के लिए बिहार राज्य के सैकड़ों कार्यकर्ता 24 जनवरी को प्रयागराज के लिए रवाना होंगे। इसके लिए पूरे बिहार में संपर्क अभियान चलाया जा रहा है।प्रवीण कुमार ने कहा, ₹हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत का मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र का निर्माण और देश में सनातन धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए जागरूकता फैलाना है। साथ ही, हमारी प्रमुख मांगों में शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना, समान नागरिक संहिता का कानून बनाना, वक्फ बोर्ड, काशी–मथुरा सहित धार्मिक स्थलों की मुक्ति के लिए पूजास्थल कानून की समाप्ति और धर्मांतरण पर रोक लगाना है।उन्होंने आगे बताया कि इस उद्देश्य को लेकर 4 फरवरी से पूरे देशभर में मंदिरों में 'साप्ताहिक मंगल मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें हनुमान चालीसा पाठ के माध्यम से अधिक से अधिक सनातनियों को संगठित कर मिशन हिन्दू राष्ट्र के लिए प्रेरित किया जाएगा।बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। प्रदेश महासचिव सुबोध मोहन ठाकुर, प्रदेश सचिव सत्यवान मालाकार, महिला विंग की प्रदेश महासचिव शिवानी सिंह, जिला संयोजक संदीप कुमार, जिला महासचिव अर्णव सिंह गोलू, जिला मीडिया प्रभारी प्रसन्न जीत चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष नितेश रवि, महिला विंग की नेत्री गोरी यादव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रंजन, चंद्रकला राय, अशोक राय आदि ने आगामी 4 फरवरी को अररिया जिले के 21 मंदिरों में मंगल मिलन सह हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन की जानकारी दी।कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को पूरी ताकत से सफल बनाने का संकल्प लिया और प्रदेशभर में इसे लेकर व्यापक प्रचार–प्रसार करने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम के जरिए हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत की ओर से हिन्दू राष्ट्र के निर्माण और सनातन धर्म की रक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जाएगा।

# गया : मुख्यमंत्री के जन कल्याणकारी योजनाओं से बनी फोल्डर अध्ययन की चर्चा हर वार्ड में किया जाएगा : राजू बरनवाल

लोकतंत्र की आवाज़

नीतीश कुमार के जन कल्याणकारी 23 योजनाओं से बनी फोल्डर अध्ययन की चर्चा



गया। गया जिला स्थित केंदुई में जदयू जिला कार्यालय के प्रांगण में विधान पार्षद व फोल्डर अध्ययन कार्यक्रम के प्रभारी रविंद्र कुमार की उपस्थिति में सैकड़ो जदयू के सेक्टर अध्यक्षों, 53 वार्ड के अध्यक्षों, पंचायत के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ नेता गणों की मौजूदगी में फोल्डर अध्ययन कार्यक्रम का संचालन जदयू गया महानगर जिलाध्यक्ष राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता जदयू गया ग्रामीण जिलाध्यक्ष द्वारका प्रसाद ने गर्मजोशी के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। बरनवाल ने बताया कि 21–01–2025 को 6 सेक्टरों, 53 वार्डो, नगर पंचायत, ग्रामीण पंचायत, गया जिले के प्रत्येक निकायों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जन कल्याणकारी 23 योजनाओं से बनी फोल्डर अध्ययन की चर्चा 11:00 दिन से शुरू होगी। इस चर्चा के माध्यम से लोगों को बिहार में चल रही प्रत्येक योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम करेंगें।हमारी सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर नागरिक की भलाई के लिए काम कर रही है। सरकार सभी समाजिक, आर्थिक और जातीय वर्गों के लिए समान अवसर और सेवाएं प्रदान कर रही है, ताकि सभी का समग्र विकास हो सके। यह नीति सामाजिक समानता और समावेशिता को बढ़ावा देती है, जिससे प्रत्येक नागरिक को उसके अधिकारों का समान रूप से लाभ मिल सके। एक गलत रास्ता आपको सदियों पीछे धकेल सकता है। आपका एक गलत फैसला आपको फिर से उसी अंधकार युग में ले जा सकता है।जिससे बहुत मुश्किल से बिहारवासी बाहर निकले हैं।फोल्डर अध्ययन कार्यक्रम के दौरान विधान पार्षद रविंद्र कुमार ने लोगों के समक्ष अपनी बातों को रखते हुए कहा कि खोखले वादों की बुनियाद पर टिके रास्ते न मंजिल पर पहुँचते हैं न ही यात्रा सुगम होती है।इसीलिए अपने लिए, अपने परिवार और बिहार के सुरक्षित भविष्य के लिए अनुभव, विश्वास और मजबूत इरादों का रास्ता चुनें है।इस कार्यक्रम के दौरान विधानसभा चुनाव में 225 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा गया है। इस कार्यक्रम के दौरान नेताओं ने कार्यकर्ताओं को एकजुट कर स्पष्ट रूप से कहा कि इस साल हो रहे विधानसभा चुनाव को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा और विकास पुरुष नीतीश कुमार के हाथों को मजबूत करने का काम करेंगे।जदयू का यह अभियान केवल चुनावी तैयारी नहीं, बल्कि कार्यकर्ताओं और जनता के बीच यह संदेश देने की कोशिश है कि आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट हैं, चुनावी रणनीति और संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने के इस प्रयास का प्रभाव आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में साफ दिखाई देगा।इस कार्यक्रम में पूर्व विधायक कृष्णानंद यादव ,शत्रुघ्न पासवान,निरज वर्मा,अवध बिहारी पटेल???,विनोद कुमार, लालजी प्रसाद, अरविंद कुमार सिंह, मिंता देवी, गोपाल , मानिकचंद गुप्ता, राजकुमार शर्मा, सिद्धनाथ तिवारी , जदयू के पदाधिकारीगणों सहित गया जिले से सैकडों सम्मानित कार्यकर्ता गणों की मौजूदगी रहे हैं।

## सोहराय त्योहार के अवसर पर फुटबॉल मैच का आयोजन।





लोकतन्त्र की आवाज

केदार नाथ पाण्डेय

पीरपैंती। पीरपैंती प्रखंड के राज गांव आराजी में सोहराय पर्व तथा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर तीन दिवसीय फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस मैच का उद्घाटन पीरपैंती मुखिया संघ के अध्यक्ष रमेश टुडू ( भूतपूर्व सैनिक ), उपमुखिया बिपिन सिंह, पैक्स अध्यक्ष अवधेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य संजय साह, सोनी किस्कू, समाज सेवी अजय भगत ने किया। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने भाग लिया ।विजेता टीम मनीगेंडा साहेबगंज की टीम, उपविजेता गाडरा की टीम बनी। विजेता टीम को तीस हजार रुपए नकद और उपविजेता टीम को बीस हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर पीरपैंती मुखिया संघ ने अध्यक्ष रमेश टुडू ( भूतपूर्व सैनिक ) ने खेल के मैदान का सौंदर्यीकरण का भी आश्वाशन दिया। मैच के कॉमेंटेटर अजय मुर्मू, और मुकेश रमानी रहे। मैच देखने के लिए आसपास के गांवों के हजारों लोग उपस्थित थे।

## सिरदला– पुलिस ने शराब मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



लोकतंत्र की आवाज

प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला

परना डाबर पुलिस ने सुखनर गांव में छापेमारी कर शराब मामले के एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।परना डाबर थाना अध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुखनर गांव निवासी चांदो मांझी के पुत्र महेश मांझी बताया गया है। जिसके विरुद्ध परना डाबर थाना कांड संख्या 9/25 प्राथमिकी पहले से दर्ज है गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने व्यवहार न्यायालय नवादा भेज दिया है।

## पकरीबरावा: नंदवंशी चेतना मंच के लोगों ने अपनी चट्टानी एकता को दिखाया

लोकतंत्र की आवाज

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। नंदवंशी चेतना मंच के बैनर तले प्रखंड पकरीबरावां में बैठक रखा गया जिसकी अध्यक्षता नवल ठाकुर ने किया संगठन के जिला अध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद की अगुवाई में सुचारू रूप से किया गया उन्होंने संबोधन करते हुए कहां कि अपने नंदवंशी समाज के लोगों को अपनी गरिमा को पहचाने आपस में मिल जुल कर रहें और बच्चों को उच्च शिक्षा दें ताकि आपके बच्चे आगे बढ़कर नाम रोशन करें उन्होंने यह भी कहां कि अपने को कम खाकर अपने बच्चों को शिक्षा के प्रति अलख जलावे वहीं जिला सलाहकार राजेश शर्मा ने कहा कि हमारा समाज आज भी हर क्षेत्र में पीछे है हम लोग आपस में एकत्र होकर बैठना सीखें आगे यह भी कहा कि प्रखंड सिरदला में माननीय जननायक एवं भारत रत्न कर्पूरी ठाकुर की जयंती मनाऐ जायेगे जिसमें पकरीबरावां के लोग बढ़ चढ़कर भाग ले जिला मीडिया प्रभारी बंटी कुमार ने कहा कि मैं पकरीबरावां के लोगो कि चट्टानी एकता को देखकर मैं बहुत प्रभावित हूं इसी तरह आप लोग समाज को दिशा दें ,इस बैठक में प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष अर्जुन शर्मा, उकौड़ा पंचायत के सरपंच देवनंदन शर्मा, विश्व रंजन शर्मा, विनोद ठाकुर, रविंद्र शर्मा,सुधीर शर्मा, पंकज शर्मा, विश्वनाथ शर्मा, मनोज शर्मा और कई अन्य लोग उपस्थित थे।




## बेलागंज विधायक ने नगर प्रखंड प्रमुख कार्यालय का विधिवत उद्घाटन ब्लाक नगर प्रखंड को आदर्श ब्लाक बनाना हमारी प्राथमिकता – प्रमुख

लोकतंत्र की आवाज़



गया। शहर के नगर प्रखंड चंदोती में प्रखंड प्रमुख कार्यालय का विधिवत उद्घाटन नव निर्वाचित विधायक बेलागंज मनोरमा देवी के द्वारा फिता काट कर किया गया है।इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष शितल यादव सहित कई ब्लाक अधिकारी उपस्थित थे। प्रखंड प्रमुख सुचिता रंजनी को लोगों और महिलाओं जनप्रतिनिधि के द्वारा फुल मालाओ से बधाई दी गई है।इस मौके पर प्रखंड प्रमुख नगर प्रखंड सुचिता रंजनी ने कहा कि आज प्रखंड प्रमुख कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया है।यह उद्घाटन से कार्यलय के काम काज जल्दी से होगी और सुचारू रूप से किया जाएगा, मैं पहले भी 2016 से 2021 तक पूर्व प्रमुख रहकर नगर प्रखंड के लोगों और गांव की जनता की सेवा कर चुकी हु, उस समय प्रमुख रहते हुए राष्ट्रीय अवार्ड से भी सम्मानित हुई हु। नगर प्रखंड के लोगों फिर से मेरे पर विश्वास करके फिर से सेवा करने का मोका दिया है। इसके लिए हम सभी प्रखंड के लोगों का दिल से आभार व्यक्त करती हूं।हमारी प्राथमिकता होगी की इस प्रखंड में चोमुखी विकास हो और लोगों आम जनमानस की समस्यायों को समाधान हो एवं।इस ब्लाक को आदर्श ब्लाक बनाना हमारी प्राथमिकता होगी।

## मुजफ्फरपुर : एसएसपी ने थाने का किया औचक निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज



दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर । कई थानों में अचानक पहुंचे एसएसपी तो थानेदारों के हाथ पांव फूलने लगा साथ में अन्य पुलिसकर्मी सख्ते में आ गए। देर शाम अचानक कई थानों में पहुंचे मुजफ्फरपुर के एसएसपी किया औचक निरीक्षण।एसएसपी ने थानाध्यक्ष से थाने के विभिन्न मामलों के बारे में जानकारी ली। अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस गश्त तेज करने का निर्देश भी दिया। न्यायालय से जुड़े मामलों के त्वरित निष्पादन करने अन्य मामलों में शीघ्र गिरफ्तारी का निर्देश दिया। एसएसपी ने समय से गश्ती वाहन चेकिंग करने का आदेश दिया। निरीक्षण के बाद एसएसपी ने शराब माफियाओं पर नकेल कसने व फरार आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया। वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर द्वारा पानापुर ओपी (मीनापुर), मोतीपुर थाना एवं कांटी थाना का ₹औचक निरीक्षण₹ किया।उक्त निरीक्षण में लंबित कांडो की त्वरित निष्पादन हेतु एवम् उउळठर/वायरलेस/सीसीटीवी/एफ₹ 112/गश्ति वाहनों व उनके स्थानों की सही स्थिति सहित थाना के अन्य कई कार्यों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने अपने स्व माता–पिता के याद में गरीबों के बीच कंबल वितरण किया

लोकतंत्र की आवाज़



गया। गया जिला अंतर्गत ब्राह्मवन में श्यामलाल मेमोरियल ट्रस्ट के द्वारा बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता सह पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग मंत्री डॉ प्रेम कुमार के पिताजी स्वर्गीय श्याम नारायण राम एवं माताजी स्वर्गीय लाल परी देवी के याद में भाजपा नेत्री प्रभावती देवी एवं मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से कड़ाके की ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल वितरण किया गया एवं इस अवसर पर डॉ भीमराव अंबेडकर को भी याद किया गया जिसकी अध्यक्षता अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवानंद पासवान ने किया है।इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी, विकास कुमार, शंभू केसरी ,धीरेंद्र सिंह, विनोद पासवान ,भोला वर्मा, हरि यादव, शशि सिंह ,अजय सिंह ,गोपाल प्रसाद ,अशोक सहनी, भोला वर्मा, शिव मांझी ,नरेश दास, जितेंद्र कुमार, सुरेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी के नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे हैं।

## राशन कार्ड में केवाईसी के लिए 21 मार्च तक का समय सीमा निर्धारित

लोकतंत्र की आवाज



धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावा। पकरीबरावां प्रखंड कार्यालय स्थित पदाधिकारी मुकेश कुमार ने प्रखंड के तमाम जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने दुकानदारों को खाद्यान्न वितरण से जुड़े कई निर्देश दिए। कहा समय पर खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करें। आधार सीडिंग व केवाईसी करने के निर्देश दिए। कहा सभी लाभुकों का आधार सीडिंग आवश्यक है। जिन लोगों का आधार सीडिंग नहीं होगा, उनका नाम राशन कार्ड से हट जाएगा। कहा राशन कार्ड में केवाईसी के लिए 21 मार्च तक का समय सीमा निर्धारित है। इस समय सीमा के भीतर केवाईसी नहीं करवाने वाले लाभुकों का नाम स्वतः राशन कार्ड से हट जाएगा। उन्होंने खाद्यान्न उठाव एवं वितरण से जुड़े अन्य कई निर्देश दिए।इस मौके पर भरत पासवान, एमओ ने डीलरों को साथ की बैठकपकरीबरावां प्रखंड कार्यालय स्थित ई किसान भवन में गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी मुकेश कुमार ने प्रखंड के तमाम जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने दुकानदारों को खाद्यान्न वितरण से जुड़े कई निर्देश दिए। कहा समय पर खाद्यान्न का उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करें। आधार सीडिंग व केवाईसी करने के निर्देश दिए। कहा सभी लाभुकों का आधार सीडिंग आवश्यक है। जिन लोगों का आधार सीडिंग नहीं होगा, उनका नाम राशन कार्ड से हट जाएगा। कहा राशन कार्ड में केवाईसी के लिए 21 मार्च तक का समय सीमा निर्धारित है। इस समय सीमा के भीतर केवाईसी नहीं करवाने वाले लाभुकों का नाम स्वतः राशन कार्ड से हट जाएगा। उन्होंने खाद्यान्न उठाव एवं वितरण से जुड़े अन्य कई निर्देश दिए।इस मौके पर भरत पासवान ,,श्रवण कुमार, दीपक कुमार, मुकेश कुमार ,मथुरा यादव , श्रवण कुमार, दीपक कुमार, जितेंद्र कुमार, रामप्रवेश सिंह, सत्येंद्र विश्वकर्मी, रंजीत कुमार, गुड्डू कुमार, जय नंदन प्रसाद, जयप्रकाश चौधरी, सुधीर कुमारआदि थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### सहरसा: भारतीय स्टेट बैंक ने जीविका दीदियों को दिया 10 करोड़ का ऋण



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता ।भारतीय स्टेट बैंक के सीजीएम बिहार एवं झारखंड के वी राजू ने अगुवानपुर शाखा आयोजित कार्यक्रम जीविका दीदियों से मुलाकात की और उनके कार्यों की प्रशंसा की कार्यक्रम के उद्घाटन में सवेरा जीविका संकुल स्तरीय संघ की अध्यक्ष मंजू देवी ने फूलों का गुलदस्ता, पाग और शॉल भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। मंजू देवी ने बताया कि भारतीय स्टेट बैंक अगुवानपुर शाखा अंतर्गत जीविका के 301 स्वयं सहायता समूह है। सभी 301 स्वयं सहायता समूह का बचत खाता व ऋण उपलब्ध करा दिया गया है। भारतीय स्टेट बैंक द्वारा जीविका के स्वयं सहायता समूहों को दिए गए ऋण से दीदियां आत्मनिर्भर बन रही हैं। और स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने समय पर ऋण उपलब्ध कराने और विश्वास बनाए रखने लिए बैंक का धन्यवाद किया कार्यक्रम में सीजीएम के वी राजू ने कहा कि सहरसा जिले में जीविका समूहों की ऋण वापसी दर काफी सराहनीय है। उन्होंने बताया कि बैंक के पास स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं हैं। जो भी जीविका दीदी व्यक्तिगत रूप से ऋण लेना चाहती है। भारतीय स्टेट बैंक इसके लिए तत्पर है। इस अवसर पर जीएम उत्तर बिहार आर. नटराजन, डीजीएम भागलपुर, मनीष कुमार मिश्रा, आरएम सहरसा, सुधांशु रमण, जीविका के युवा पेशेवर शलोनी, कंसलटेंट आलोक कुमार और बीपीएम सत्तरकटैया श्वेता कुमारी ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### पुराना राइस मिल में श्री नारायण के हर्ट स्पेशलिस्ट द्वारा शुरू हुआ मरीजों का ईलाज



लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। शहर के पूरब बाजार स्थित पुराना राइस मिल महावीर नगर में श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के यूनिट निनती कार्डियक केयर सेंटर का विधिवत शुभारंभ फीता काट कर किया गया। हर्ट रोगी को तुरंत ईलाज मिले इसके लिए इस यूनिट की शुरुआत की गई है। इस अवसर पर श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल के सेंटर हेड कौशल किशोर ठाकुर, निनती कार्डियक कैयर सेंटर के संस्थापक डॉ. गोपाल शरण, डॉ राकेश डागर, डी एम कार्डियोलॉजीस्ट डॉ. गिरजा शंकर झा, डॉ. मुकेश सांडिल्य, एम डी मेडिसिन डॉ. संदीप भारद्वाज, डॉ. गंगेश गुंजन. जेनरल सर्जन डॉ. रामेन्द्र भारती व सौरभ चाटर्जी सहित कई लोग उपस्थित रहे। बताते चलेंकि कोसी क्षेत्र के लिए हर्ट के बीमारी से जूझ रहे मरीजों के लिए श्री नारायण मेडिकल इंस्टिट्यूट एंड हॉस्पिटल जीवन दाता से कम नहीं है। निष्ठा और प्रतिबद्धता से किया गया कोई भी काम हंड्रेड परसेंट सक्से होने का गायरेंटी होता है और इसका सौ फिसद्दी यहाँ फॉलो हो रहा है। उत्तर बिहार का अत्यधुनिक कार्डियक कैर सेंटर जहाँ देश के नामचीन कार्डियोलॉजिस्ट डॉक्टर और प्रशिक्षित कर्मी मरीजों का ईलाज करते हैं। इतना हीं नहीं अब भारत सरकार के आयुष्मान भारत योजना के तहत हृदय रोगियों का ईलाज प्रारंभ हो चूका है।

### भाजपा नेता की जयंती पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

लोकतंत्र की आवाज
सहरसा संवादाता। कोशी मे पहली बार कमल खिलाने वाले हरदिल अजीज सर्व सुलभ जननेता पूर्व विधायक सव संजीव झा के जयंती के अवसर पर पॉपुलर डायग्नोस्टिक के संयोजन से सहरसा विधानसभा के बसौना में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ों मरीजों जांच के उपरांत रिपोर्ट के आधार पर मुफ्त में परामर्श के साथ दवा वितरण भी किया गया। कैंप में दांत चिकित्सक डॉ ऋषभ कुमार विमल, नेत्र रोग के डॉ सुमन सौरव, शिशु । के डॉ अंशुमन, जेनरल फिजिशियन डॉ संतोष झा, चर्म विशेषज्ञ डॉ कुणाल उत्कर्ष, पैथोलॉजिस्ट डॉ अतुल भारद्वाज उपस्थित रहे रागियों का उपचार किया । इस कैंप में सहयोगी के तौर अमीर हुसैन, प्रहलाद कुमार, संदीप कुमार, रोशन कुमार आदि रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या ग्रामीण लोग उपस्थित रहें। ज्ञात हो कि उनके जयंती पर पटेल मैदान मे रणधीर वर्मा मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन भी कराया जा रहा है।

# भागलपुर ने नेपाल को हराया, तस्लीम उद्दीन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में रायगंज से होगा मुकाबला

लोक तंत्र की आवाज

महिला सशक्तिकरण को समर्पित सेमीफाइनल में भागलपुर ने एक गोल से नेपाल को हराया



**अररिया ।** सीमांचल गांधी तस्लीम उद्दीन मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में भागलपुर ने नेपाल को 1-0 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। यह मैच महिला सशक्तिकरण को समर्पित था, और दोनों टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में महिला जिला अध्यक्ष राजद, आरसी प्रवीण उर्फ लवली नवाब, प्रदेश कांग्रेस महिला नेत्री अफसाना हसन, भाजपा नेत्री डॉ. सुष्मिता ठाकुर, बंगाल की पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी मंजू देवी, न्यूरो सर्जन डॉ. तंजील सिक्किम और जेनिथ पब्लिक स्कूल के निदेशक खुर्शीद खान पप्पू मौजूद थे। इन अतिथियों ने मैच का आनंद लिया और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

भागलपुर और नेपाल के बीच हुआ यह मुकाबला बेहद रोमांचक था, जिसमें दोनों टीमों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी। हालांकि, अंत में भागलपुर के एकमात्र गोल ने उन्हें जीत दिलाई। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए भागलपुर के खिलाड़ी शुभम को 'मैन ऑफ द मैच' का खिताब मिला। महिला सशक्तिकरण के प्रतीक के रूप में इस मैच में महिला नेत्रियों अफसाना हसन, लवली नवाब, सुष्मिता ठाकुर और मंजू देवी ने खिलाड़ियों के लिए दो-दो ट्रैक शूट देने की घोषणा की, जो खिलाड़ियों के लिए एक बड़ा सम्मान था।

सेमीफाइनल मैच के दौरान खेल के नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए रेफरी के रूप में रमन कुमार और अभिषेक कुमार ने अपनी भूमिका निभाई। साथ ही, मॉडर्न स्पोर्ट क्लब के अध्यक्ष सत्यन शरण, सचिव इश्तियाक आलम, जकी अख्तर अंसारी, शादाब शमीम और अन्य पदाधिकारियों ने आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस टूर्नामेंट का फाइनल 19 जनवरी को खेड़ा मैदान में होगा, जहां भागलपुर और रायगंज के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिलेगी। यह मैच दोपहर 2 बजे से शुरू होगा और प्रशंसकों को एक शानदार खेल अनुभव देने की उम्मीद है। इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें भाग ले रही थीं, और 4 जनवरी से शुरू हुआ यह टूर्नामेंट 19 जनवरी को अपने समापन तक पहुंचेगा। इसका आयोजन मॉडर्न स्पोर्ट क्लब द्वारा किया जा रहा है, जो क्षेत्र में खेल के विकास और युवा खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने में सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

कॉमेंटेटर चांद आज़मी और सदरे आलम ने पूरे मैच का आंखों देखा हाल पेश किया, जो दर्शकों के लिए और भी रोमांचक बना। यह टूर्नामेंट न सिर्फ खेल कौशल का प्रदर्शक है, बल्कि महिलाओं के सशक्तिकरण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का भी एक अहम मंच बन गया है। अब फाइनल मुकाबले में सभी की नजरें टिकी हैं, जहां उम्मीद की जा रही है कि दोनों टीमें एक शानदार खेल दिखाएंगी और दर्शकों को भरपूर मनोरंजन मिलेगा।

# डीएम ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रथ को दिखाई हरी झंडी



लोकतंत्र की आवाज

**सहरसा संवादाता ।** डीएम वैभव चौधरी ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उन्होंने बताया यह रथ ग्रामीण इलाकों में घूम कर लोगों को वाहन चलाने संबंधित जागरूकता प्रचार करेगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम बिहार सरकार के कार्यक्रम सड़क सुरक्षा माह के रूप में मनाया जा रहा है। वाहन नगर निकाय, ग्राम में घूम कर लोगों को हेलमेट, सीट बेल्ट, गाड़ियों के कागजात को लेकर जागरूक करेगी। वहीं जिला परिवहन पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि 16 जनवरी 2025 से आगामी 31 जनवरी 2025 तक सड़क सुरक्षा समिति के अंतर्गत विभिन्न तरहों के कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि सचिव, परिवहन विभाग-सह-सदस्य सचिव, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद्, पटना के ज्ञापांक 33, दिनांक 10 जनवरी 2025 के आलोक में सड़क सुरक्षा माह 2025 दिनांक 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जाना है। इसका क्रियान्वयन जिला सड़क सुरक्षा समिति के पदाधिकारी के माध्यम से किया जाना है। उक्त आयोजन के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, शिक्षा से जुड़े सभी कार्यालयों, नगर निकायों, विद्यालय, महाविद्यालय के छात्र छात्राओं, परिवहन संघ, अधिकृत वाहन विक्रेताओं, एवं आमजनों इत्यादि की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है। आज सबसे पहले सड़क सुरक्षा रथ को लेकर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाया जायेगा साथ ही हेलमेट विक्रेताओं की जांच एवं मानक के अनुसार हेलमेट की विक्री नही करने वाले दुकानदारों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी साथ ही विभिन्न तिथियों को विभिन्न तरहों के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इस अवसर पर डीटीओ संजीव कुमार, डीडीसी संजय कुमार निराला, डीएसओ अमित कुमार, अपर डीटीओ जीशान अहमद, मोटरयान निरीक्षक बृजमोहन पटवारी, लिपिक निक्की कुमार, सहित सभी ईएसआई, मोबाइल सहित परिवहन विभाग के पुलिस बल मौजूद थे।

# हवाईअड्डा विस्तारीकरण के लिए जमीन की नापी कर ली गयी है : जिलाधिकारी

लोकतंत्र की आवाज



**सहरसा संवादाता।** सहरसा एयरपोर्ट को चालू करने की दिशा में तैयारियां तेज हो गई हैं। एयरपोर्ट की लंबाई और चौड़ाई बढ़ाने की संभावनाओं को लेकर सरकारी अमीनों द्वारा जमीन की नापी का काम जारी है। वर्तमान में एयरपोर्ट की लंबाई 955 मीटर और चौड़ाई 800 फीट है, जबकि डोमेस्टिक उड़ान सेवाओं के लिए एयरपोर्ट की लंबाई 2 किलोमीटर होनी चाहिए। इसी के मद्देनजर पश्चिम दिशा में जमीन चिन्हित करने का कार्य शुरू किया गया है। सहरसा डीएम वैभव चौधरी के निर्देश अमीनों द्वारा नगर निगम के वार्ड 12 और 8 स्थित रायटोला की जमीन की नापी की जा रही है। इस इलाके में कुछ हिस्सों पर अतिक्रमण की बात भी सामने आई है। रायटोला के पश्चिम में खाली पड़े बड़े भूभाग को चिन्हित किया जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, एयरपोर्ट का विस्तार पश्चिम दिशा में ही संभव है क्योंकि पूरब में जिला समाहरणालय ऑफिस, सिविल कोर्ट भवन सहित अन्य सरकारी इमारतें स्थित हैं। लगभग 100 एकड़ जमीन एयरपोर्ट के लिए चिन्हित की जा चुकी है। एयरपोर्ट चालू होने से सहरसा के अलावा मधेपुरा, सुपौल और खगड़िया जिलों के लोगों को भी सुविधा मिलेगी। सहरसा से देश के अन्य हिस्सों में कम समय में हवाई यात्रा कर सकेंगे। वर्षों से स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि इस एयरपोर्ट को चालू कराने की मांग द रहे हैं।

# सैयद शाहनवाज हुसैन ने अभिषेक झा और पप्पू झा के परिवार से मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित की

लोक तंत्र कीआवाज



**अररिया।** अररिया जिले के भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व जिलाध्यक्ष, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी नारायण झा के युवा पुत्र, अभिषेक झा का निधन एक गंभीर बीमारी के बाद हुआ। इस अपूरणीय क्षति पर भाजपा परिवार शोकाकुल है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पूर्व केंद्रीय मंत्री, सैयद शाहनवाज हुसैन ने जमुआ-खमगड़ा और जहानपुर के दिवंगत नेताओं के परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

सैयद शाहनवाज हुसैन ने शोक व्यक्त करते हुए कहा, ₹अभिषेक झा और पप्पू झा हमारे परिवार के सदस्य थे। उनका योगदान भाजपा के लिए अविस्मरणीय रहेगा। इस कठिन समय में हम उनके परिवार के साथ खड़े हैं और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवार को संबल दें।

इस मौके पर शाहनवाज हुसैन के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा, जोकीहाट विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रंजीत यादव, वरिष्ठ एनडीए नेता परवेज आलम, भाजपा नेता सितेश ठाकुर, जिला भाजयुमो अध्यक्ष आकाश राज, उमेश मिश्र सहित भाजपा के अन्य प्रमुख नेता और कार्यकर्ता भी उपस्थित थे। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट कीं और इस दुख की घड़ी में उनके साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस शोक आयोजन में, भाजपा नेताओं ने दिवंगत अभिषेक झा और पप्पू झा के समाज और पार्टी के प्रति समर्पण और योगदान की सराहना की। उनके निधन को भाजपा परिवार की एक बड़ी क्षति बताते हुए सभी ने उनकी यादों को हमेशा संजोने का संकल्प लिया। सैयद शाहनवाज हुसैन ने कहा, ₹भा.ज.पा. का परिवार कभी भी एक दूसरे का सहारा बनता है, और इस समय भी हम सभी शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हैं।₹ दिवंगत अभिषेक झा और पप्पू झा के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनके परिवार को इस कठिन समय में पूरा भाजपा परिवार हर संभव समर्थन देगा।

# सिकटी विधानसभा सीट पर महागठबंधन की नजर, ई. मनोज झा को चुनावी मैदान में उतारने की तैयारी

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया ।** सिकटी विधानसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दबदबा पिछले कई वर्षों से कायम है, लेकिन आगामी विधानसभा चुनावों में महागठबंधन की रणनीति इस सीट को हासिल करने की है। महागठबंधन इस बार ऐसे उम्मीदवार की तलाश कर रहा है, जो बीजेपी के मजबूत किले को चुनौती दे सके। इसी कड़ी में महागठबंधन की नजर वरीय समाजसेवी और सिकटी की राजनीति में किंग मेकर की भूमिका में रहने वाले प्रभावी शख्सियत ई. मनोज झा पर टिकी हुई है।

ई. मनोज झा, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे ₹फाइनेंस मिनिस्टर₹ के रूप में भी जाने जाते हैं, क्षेत्र में सामाजिक और राजनीतिक तौर पर एक मजबूत पहचान बना चुके हैं। उनका राजनीतिक और सामाजिक नेटवर्क बेहद सशक्त है, और इस कारण वे महागठबंधन के लिए एक मजबूत उम्मीदवार साबित हो सकते हैं। इसके अलावा, उनका छोटा भाई डेढुआ पंचायत से मुखिया हैं, जो इस परिवार की राजनीतिक ताकत को और बढ़ाता है। महागठबंधन के

- सामाजिक और राजनीतिक छवि के दम पर महागठबंधन की उम्मीदों का केंद्र बने ई. मनोज झा

रणनीतिकार मानते हैं कि अगर ई. मनोज झा को सिकटी से मैदान में उतारा जाता है, तो न केवल सिकटी, बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र में महागठबंधन को मजबूती मिल सकती है। सिकटी विधानसभा में ब्राह्मण और स्वर्ण जातियों सहित अतिपिछड़ा, अल्पसंख्यक, महादलित परिवारों के बीच महत्वपूर्ण पैठ और इन समुदायों में ई. मनोज झा का अच्छा प्रभाव है। इस तरह, उनका उम्मीदवार बनना महागठबंधन के लिए समीकरण को उनके पक्ष में मोड़ सकता है।

राजद के ₹ए टू जेड₹ सिद्धांत के तहत और महागठबंधन में शामिल कांग्रेस, वीआईपी तथा अन्य दलों के लिए ई. मनोज झा की उम्मीदवारी फायदेमंद साबित हो सकती है। उनका नाम महागठबंधन के नेताओं द्वारा स्वीकार किया जा सकता है, जिससे गठबंधन को सत्ता के समीकरण में और मजबूती मिलेगी।

चुनावों में कुछ महीने तो बाकी हैं, लेकिन महागठबंधन के लिए यह समय निर्णायक होगा। यदि ई. मनोज झा को टिकट मिलता है, तो न केवल सिकटी, बल्कि पूरे सीमांचल क्षेत्र में महागठबंधन को निर्णायक बढ़त मिल सकती है। खरमास के समापन के बाद महागठबंधन के दलों की नजरें इस अहम सीट पर एक मजबूत उम्मीदवार की तलाश में हैं, और यह संभव है कि ई. मनोज झा इस बार सिकटी विधानसभा सीट पर महागठबंधन का चेहरा बनें।

# 25 जनवरी को महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में विलय

लोक तंत्र की आवाज



**डा. रूद्र किंकर वर्मा**
**अररिया।** आगामी 25 जनवरी को प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ में जनसंख्या समाधान फाउंडेशन का विधिवत विलय हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत में किया जाएगा। यह महत्वपूर्ण घोषणा जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरी जी महाराज और फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी के द्वारा की जाएगी। इस अवसर पर हज़ारों संतों की उपस्थिति में जूना अखाड़े के मुखिया हरि गिरी जी महाराज हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत के मुख्य उद्देश्य 'हिन्दू राष्ट्र निर्माण' से संबंधित कैलेंडर का विमोचन करेंगे।

यह जानकारी फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने अररिया जिले के एक निजी विद्यालय में आयोजित जेएसएफ अररिया जिला कार्यकर्ता बैठक के दौरान दी। प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि इस ऐतिहासिक घटना का साक्षी बनने के लिए बिहार राज्य के सैकड़ों कार्यकर्ता 24 जनवरी को प्रयागराज के लिए रवाना होंगे।

प्रवीण कुमार ने कहा, ₹हिन्दू फ्रंट ऑफ भारत का मुख्य उद्देश्य हिन्दू राष्ट्र का निर्माण और देश में सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए जागरूकता फैलाना है। साथ ही, हमारी प्रमुख मांगों में शीघ्र जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना, समान नागरिक संहिता का कानून बनाना, वक्फ बोर्ड, काशी-मथुरा सहित धार्मिक स्थलों की मुक्ति के लिए पूजास्थल कानून की समाप्ति और धर्मांतरण पर रोक लगाना है। उन्होंने आगे बताया कि इस उद्देश्य को लेकर 4 फरवरी से पूरे देशभर में मंदिरों में 'साप्ताहिक मंगल मिलन' कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। बैठक में उपस्थित अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस अभियान को सफल बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। प्रदेश महासचिव सुबोध मोहन ठाकुर, प्रदेश सचिव सत्यवान मालाकार, महिला विंग की प्रदेश महासचिव शिवानी सिंह, जिला संयोजक संदीप कुमार, जिला महासचिव अर्णव सिंह गोलू, जिला मीडिया प्रभारी प्रसन्न जीत चौधरी, प्रखंड अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, नगर अध्यक्ष नितेश रवि, महिला विंग की नेत्री गोरी यादव, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मी रंजन, चंद्रकला राय, अशोक राय आदि ने आगामी 4 फरवरी को अररिया जिले के 21 मंदिरों में मंगल मिलन सह हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को पूरी ताकत से सफल बनाने का संकल्प लिया और प्रदेशभर में इसे लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्णय लिया।

# अररिया के प्रसिद्ध समाजसेवी और व्यवसायी दीनानाथ भगत उर्फ भिखारी भगत का निधन

लोक तंत्र की आवाज



**अररिया ।** अररिया जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी, बड़े व्यवसायी और भाजपा के वरिष्ठ नेता, दीनानाथ भगत उर्फ भिखारी भगत का बीती रात करीब आठ बजे निधन हो गया। महर्षि मेंहीं आश्रम कुपाघाट, भागलपुर के पूर्व व्यवस्थापक और अररिया जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष के रूप में उन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। उनका निधन उनके परिवार, समाज और राजनीतिक क्षेत्र में गहरा शोक छोड़ गया है।

भिखारी भगत की पहचान एक समर्पित समाजसेवी और गरीबों के शुभचिंतक के रूप में थी। महर्षि मेंहीं आश्रम के निर्माण और संचालन में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई थी। उनके योगदान से आश्रम व्यवस्था में चार चांद लगे । वे अररिया जिला भाजपा के कोषाध्यक्ष रहे और पार्टी के साथ अपने कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण कार्यों का हिस्सा रहे। उनका आदर्श हमेशा पार्टी के अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बना। एक नेक दिल नेता होने के नाते, भिखारी भगत ने न सिर्फ समाज सेवा की बल्कि राजनीति में भी अपनी छाप छोड़ी।

उनके निधन पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व जिलाध्यक्ष आलोक कुमार भगत ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा, ₹भिखारी भगत जी का निधन हमारे लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक ऐसे समाजसेवी थे जिन्होंने हमेशा अपने कार्यों से समाज को दिशा दी। उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उनके निधन से पूरी अररिया की राजनीति और समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार कल मनिहारी के गंगा घाट पर किया जाएगा। उनके अंतिम संस्कार में परिवार के सदस्यों के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहेंगे। ईश्वर से प्रार्थना है कि वह दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें ।

# विद्यापति भवन पटना में ब्राह्मणों का ऐतिहासिक महाजुटान स्वागत समारोह आज

लोक तंत्र कीआवाज



**पटना ।** पटना में 18 जनवरी को ब्राह्मण समाज का सबसे बड़ा और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है, जिसमें राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा और परशुराम सेवा संस्थान द्वारा मकर संक्रांति महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस महाकुंभ में ब्राह्मण समाज की एकता और शक्ति को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस अवसर पर नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ललित कुमार झा का स्वागत समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जो इस आयोजन का अहम हिस्सा होगा।

**कार्यक्रम का स्थल और समय:** यह भव्य आयोजन पटना के विद्यापति भवन में होगा, जो सेंट जेवियर्स कॉलेज गेट और बजरंग बली मंदिर के पास स्थित है। आयोजन का समय दोपहर 11:30 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथियों के रूप में राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संरक्षक और पनोरमा ग्रुप के सीएमडी संजीव मिश्रा, संस्थापक ई. आशुतोष कुमार झा, नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ललित कुमार झा और कई अतिथि उपस्थित रहेंगे।

**संगठन की यात्रा और समाज के लिए योगदान:** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेश संरक्षक संजीव मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए कहा, ₹हमारा संगठन पिछले 19 वर्षों से समाज की सेवा में कार्यरत है। हमारे इस संगठन का विस्तार अब गांव-गांव तक हो चुका है, और यह पूरी तरह से विश्वसनीय एवं प्रामाणिक बन चुका है। हम कभी भी समाज के हितों से समझौता नहीं करते, और हमेशा समाज की उन्नति और एकता के लिए काम करते हैं।

**समाज में एकता का संदेश :** संस्था के संस्थापक और राष्ट्रीय संयोजक ई.ओ. आशुतोष कुमार झा ने इस अवसर पर कहा, ₹हमने हमेशा लोकतांत्रिक तरीके से पदाधिकारियों का चुनाव किया है और समाज को एकजुट करने के लिए निरंतर प्रयास किए हैं।

- राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा परशुराम सेवा संस्थान द्वारा आयोजित होगा भव्य मकर संक्रांति महोत्सव: संजीव मिश्रा

**स्वागत समारोह और मकर संक्रांति महोत्सव :** इस आयोजन में प्रमुख आकर्षण होगा नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष ललित कुमार झा का स्वागत समारोह। उनके नेतृत्व में संगठन का भविष्य और अधिक सशक्त होगा, ऐसा सभी सदस्य मानते हैं। यह स्वागत समारोह पहले कार्यालय आशियाना दीघा में चुनाव प्रक्रिया के बाद होगा, और फिर कार्यक्रम का विस्तार विद्यापति भवन में होगा। साथ ही, मकर संक्रांति महोत्सव के अंतर्गत दही-चूड़ा भोज का आयोजन किया जाएगा, जो इस अवसर को और भी खास बना देगा। इस कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की एकता को प्रोत्साहित करने के अलावा आगामी योजनाओं पर भी चर्चा की जाएगी। इन योजनाओं में समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक और शैक्षिक उत्थान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**सार्वजनिक आमंत्रण :** संगठन ने पूरे बिहार में ब्राह्मण समाज के सभी वर्गों को इस ऐतिहासिक अवसर पर आमंत्रित किया है। यह आयोजन न केवल समाज की एकता को बढ़ावा देगा बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग के बीच एक मजबूत संबंध स्थापित करेगा। दही-चूड़ा भोज और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए समाज के हर सदस्य को एक मंच पर लाने की कोशिश की जाएगी, ताकि समाज में जागरूकता बढ़े और हर कोई अपने समाज के उत्थान के लिए समर्पित हो।

## संक्षिप्त खबरें ।

### विष्णुगढ़ प्रखंड के कर गालो पंचायत सेवक को एसीबी ने रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया



लोकतंत्र की आवाज
घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ
हजारीबाग (झारखंड) विष्णुगढ़ प्रखंड के करगालो पंचायत सेवक दीपक दास को अबुआ आवास में तीसरी किस्त की राशि छुड़ाने के लिए 11000 रुपया की मांग पर रिश्वत लेते गिरफ्तार किया गया । बताया जाता है कि करगालो पंचायत की महिला ने शिकायत एसीबी को की हुई थी । जिसमें अबुआ आवास योजना के तीसरी किस्त की पैसा पंचायत सेवक द्वारा छोड़े जाने के एवज में ?11000 घुस मांगा जा रहा था जिसका सत्यापन करते हुए आज शुक्रवार को एसीबी की टीम ने अचलजामू बनासो सड़क मार्ग स्थित लेडी मोड में टीम ने महिला के द्वारा ?11000 घूस देते हुए पंचायत सेवक दीपक दास को गिरफ्तार कर बिष्णुगढ़ प्रखंड मुख्यालय जांच हेतु लाया गया और जांच के पश्चात अग्रेतर कारवाई के लिए हजारीबाग साथ ले गई।

### गंदगी को पश्रय देकर लिखना 'एक कदम स्वच्छता की ओर' बहुत ही भद्दा मजाक



लोकतंत्र की आवाज
विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो चीफ)
गिरिडीह ,झारखंड। नगर निगम की कहानी तो ठीक है लेकिन नगर निगम वालों ने यानी कि इसके पदाधिकारीगण ने इसकी दशा बिगाड़ कर रख दी है। पॉलिथीन प्लास्टिक का ढेर इन सभी कठिनाइयां का सामना महिलाओं को भी करना पड़ता है जो कि उनके लिए काफी कष्टकारी सिद्ध होता है ।और इस घनघोर गंदगी के बीच दो सुलभ शौचालय मौजूद है जो एक मात्र महिलाओं के लिए ही उपलब्ध है जिस पर हमेशा ताला ही लगा रहता है।इन्होंने (नगर निगम ,गिरिडीह)शायद किसी भी क्षेत्र में ध्यान न देने का खुद से वादा कर लिया है या ऐसा कहें बिलकुल ही ध्यान देना छोड़ दिया है। बस स्टैंड का यह किनारा पेशाब की बदबू/ दुर्गंध से माहौल हो गया है। आपको इसी क्षेत्र में एक पिंक टॉयलेट नामक भवन मिलेगा सिर्फ महिलाओं के लिए एक कदम स्वच्छता की ओर लिखा मिलेगा बस इसके बाद और कुछ नहीं अगर कोई बगल में बने दूसरे टॉयलेट में बाथरूम जाता है तो उसके लिए ?5 देने पड़ते हैं टॉयलेट की तो बात ही अलग है इस गर्दिश स्थिति की जिम्मेवारी कौन लेगा? नगर निगम या वह व्यक्ति जो पूरे बस स्टैंड का ठेका लेकर बैठा हुआ है।

### एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम आयोजित



लोकतंत्र की आवाज
मामलोत सेख
साहेबगंज। स्तरीय दो दिवसीय कृषि मेला—सह—फल एवं सब्जी प्रदर्शनी 2024—25 में पलाश(खरछढर) द्वारा बोरियो प्रखंड के समेकित कृषि क्लस्टर एवं संकुल संगठन की सदस्यों का एक्सपोज़र विजिट कार्यक्रम आयोजन किया गया। कृषि और उद्यानिकी के क्षेत्र में नवाचार, तकनीकी उन्नति और व्यावसायिक अवसरों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से साहेबगंज में जिला स्तरीय कृषि मेला—सह—फल एवं सब्जी प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर समेकित कृषि क्लस्टर एवं संकुल संगठन की सदस्याओं को नई तकनीकों और कृषि से जुड़े आधुनिक दृष्टिकोणों से परिचित कराने के लिए एक्सपोज़र विजिट का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला किसानों को सशक्त बनाते हुए उन्हें उन्नत कृषि पद्धतियों, फल एवं सब्जी उत्पादन तकनीकों, तथा विपणन के नए तरीकों से जोड़ना है। विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में यह विजिट कार्यक्रम सदस्यों के ज्ञान और क्षमता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# गिरिडीह झंडा मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो— चीफ) गिरिडीह ,झारखंड।** मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त नमन प्रेस लकड़ा व जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। यह बात बिल्कुल सही है कि भारत की आत्मा गांव में निवास करती है लेकिन आत्मा को ससमय समझने धरातल पर उतरने का कार्य कृषि ही कर सकता है। आपने रोटी कपड़ा और मकान नामक फिल्म का नाम सुना होगा सर्वप्रथम स्थान रोटी का आता है और रोटी कृषि से इन्हीं सारे तथ्यों के साथ आज

झंडा मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला—सह—फसल प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा और जिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती मुनिया देवी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त महोदया, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, भूमि संरक्षण पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत सभी संबंधित अधिकारी के अलावा जिले के सभी प्रखण्डों से अधिक से अधिक संख्या में किसान, किसान मित्र, प्रगत्तिशील कृषक उपस्थित थे। इस मेले





में कृषि एवं कृषि संबंध विभाग के साथ—साथ कृषि विज्ञान केंद्र एफपीओ खाद बीज भंडार सहित कुल 18 स्टॉल लगाए गए एवं मंच के साथ—साथ कृषि एवं कृषि संबंध विभाग के पदाधिकारी सभी विभाग के कर्मी किसान मित्र एग्री स्मार्ट ग्राम के कृषक पाठशाला के कर्मी प्रखंड कृषि पदाधिकारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक जन सेवक एग्री क्लीनिक के कर्मी कृषक उत्पादक संगठन के कृषक विभिन्न प्रखंड से सैकड़ो किसान उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि यह मेला किसानों के लिए नयी तकनीकों, जैविक खेती, उद्यानिकी और मत्स्य पालन में उन्नति के अवसर प्रदान करेगा। मेले में किसानों को उनकी उपज का मूल्य बढ़ाने, विपणन रणनीतियों और पर्यावरण अनुकूल खेती पर जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना प्राथमिकता है। उपायुक्त, जिला परिषद अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त ने विभिन्न स्टॉलों का निरीक्षण कर जायजा लिया तथा मेले में प्रदर्शित कृषि उपकरण, तकनीकी नवाचार, जैविक उत्पादों, फसलों, फल, फूल और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। उपायुक्त ने कहा, ₹इन स्टालों के माध्यम से किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों और संसाधनों की जानकारी मिल रही है, जो उनके उत्पादन को बढ़ाने और लागत कम करने में सहायक होगी। फल और सब्जी प्रदर्शनी ने किसानों को उनकी फसलों के बेहतर उत्पादन और संरक्षण के नए तरीकों से परिचित कराया. इस प्रदर्शनी में जैविक उत्पादों, स्थानीय सब्जियों और फलों की विभिन्न प्रजातियों का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि किसान स्वावलंबी बने किसान वैज्ञानिक तरीके से खेती कर खेती की लागत कम कर सकते हैं जैसे बीज का चुनाव बीज की मात्रा समय पर सिंचाई पौधे की दूरी बीज उपचार रोगों में अनुशंसित दवाई का प्रयोग आदि अपनाते हुए अपनी खेती की लागत को कम कर सकते हैं साथ ही साथ नीम, करंज, सरसों खली आदि का उपयोग करें। वैज्ञानिक विधि से खेती की विस्तृत जानकारी इनके द्वारा दी गई वैज्ञानिक विधि से खेती करने से 5 से 7 गुना मुनाफा बढ़ जाता है। आत्मा प्रचार प्रसार के लिए ही मुख्य रूप से जिले में किसानों के लिए कार्य कर रही है। प्रखंड स्तर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं किसान मित्र कार्य कर रही है। इस प्रचार प्रसार के कड़ी में ही किसान मेला एक बहुत ही पारदर्शी तरीके से संबंधित किसानों को बहुत सारी जानकारी के साथ उसकी आवश्यकता को पूर्ण करने के लिए सभी विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने का का प्रयास है। इसके अलावा उन्होंने किसान भाइयों को आत्मनिर्भर होने के लिए कृषि के साथ—साथ पशुपालन करने की भी सलाह दी। महिला किसान गृह वाटिका घर की बाड़ी में भी मौसमी सब्जी नींबू पपीता, एवं अमरुद का पौधा लगाकर पौष्टिक खाना खाते हुए आमदनी भी कर सकते हैं उनके द्वारा कम खर्च वाले खाद केंचुआ खाद गोबर खाद कंपोस्ट आदि का अधिक उपयोग एवं रासायनिक खाद का कम उपयोग करने के लिए किसानो को सलाह दी गई कृषि विभाग से ड्रॉप मोर क्रॉप जैसे योजनाओं का लाभ किसानों को लेने की सलाह दी गई।

## मासिक गुरु गोष्ठी का हुआ आयोजन

लोकतंत्र की आवाज
**साहिबगंज।** शिक्षा में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य से मंडरो प्रखंड अंतर्गत बीपी हाईस्कूल भगैया में शुक्रवार को शिक्षकों का मासिक गुरु गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार घांटी ने किया।

बैठक में मध्यान भोजन साहित सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा किया गया। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तरुण कुमार घांटी ने उपस्थित सभी विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से कहा कि विद्यालय में अध्यनरत सभी बच्चों का अपार आईडी बनाना महत्वपूर्ण है इसलिए इसे गंभीरता पूर्वक लेते हुए अपार आईडी का कार्य यथाशीघ्र पुर्ण कर। इस कार्य को समयसीमा के अंदर करना है।

वहीं बच्चों की छात्रवृत्ति एवं मैट्रिक एवं इन्टर की आयोजित होने वाली परीक्षा के बारे में शिक्षकों से जानकारी का आदान—प्रदान किया।सभी शिक्षकों को प्रतिदिन एमडीएम का एसएमएस करने एवं ईविद्यावाहिनी पर बच्चों एवं शिक्षकों का उपस्थित दर्ज करने की बात कही गई। मौके पर बीपीओ मणीष कुमार,बीआरपी क्लाइमेंट सोरेन,राजेश भगत,अभिषेक कुमार, कंप्यूटर आपरेटर भानु प्रताप,सीआर पी सनाउल्लाह अंसारी,अजय यादव सहित सभी विधालय के प्रधानाध्यापक मौजुद थे।

## हेठली बोदरा के सिंघेश्वर धाम मंदिर में शिव महापुराण के अंतिम दिवस ललिता देवी ने आशीर्वाद लेने पहुंची



लोकतंत्र की आवाज

**घनश्याम पाठक , ब्यूरो चीफ हजारीबाग (झारखंड)।** बिष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत ग्राम हेठली बोदरा के सिंघेश्वर धाम मंदिर में सात दिवसीय शिव महापुराण प्रवचन का आयोजन किया गया था जिसके अंतिम दिवस मांडू के पूर्व विधायक सह मंत्री की धर्मपत्नी श्रीमति ललिता देवी ने यज्ञस्थल पर पहुंचकर आशीर्वाद लिया साथ ही पूजन अर्चन में शामिल हुई शिव मंदिर पहुंचकर महिलाओं के साथ कथा प्रवचन का आनंद भी लिया इस मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता हीरामन महतो एवं अन्य लोग शामिल थे।

## जीवन रक्षा विषय पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**मामलोत सेख**
**साहेबगंज।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश— सह— अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के निर्देशानुशार एवं मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, साहेबगंज और जिला परिवहन विभाग, साहेबगंज के संयुक्त तत्वाधान में आज व्यवहार न्यायलय परिसर में सड़क सुरक्षा — जीवन रक्षा विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन नाट्य मंडली के कलाकारों के द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए किया गया।



वाहन चालकों को हेलमेट, सिट बेल्ट, ओवरलोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइव, तेज रफ्तार जैसे नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव विश्वनाथ भगत ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत में अधिकतर मामले ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के कारण होते हैं। अधिकतर सड़क हादसों का कारण तेज गति से वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग और लापरवाही की बात सामने आती है। उन्होंने कहा कि सभी वाहन चालक सदैव ही नियमों का पालन करें, घबराकर इधर — उधर न करें और ना ही गाड़ी चलाते समय ट्राफिक नियम को तोड़ कर शार्ट कट अपनाएं, बल्कि नियमों का कठोरता से पालन करें। उन्होंने बाल विवाह की रोकथाम के लिए भी लोगों को बतलाया।

जिला परिवहन पदाधिकारी, साहेबगंज मिथिलेश कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल होने वालों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले नेक लोगों के लिए इनाम राशि 2000 रुपये अपने निकट के सामुदायिक केन्द्र से या जिला परिवहन कार्यालय से मिलती है। सड़क दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने और उन्हें अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को प्रोत्साहित करने के साथ ही साथ प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी दिया जाता है । इसके अलावा सरकारी योजना के तहत मिलने वाले निःशुल्क सुविधा व विधिक सेवा पर चर्चा की गई। वही विधिक सेवा के टोल फ्री नंबर 15100 के संबंध में जानकारी दी गई। इस नंबर से कॉल कर विधिक सेवा निःशुल्क प्राप्त कर सकते है। मौके पर चीफ लीगल एड डिफेन्स कौंसिल अरविन्द गोयल , जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रेम नाथ तिवारी अधिवक्तागण, आम नागरिक उपस्थित थे।

# लाल आतंक से मुक्त हुई यह सड़क, कभी यहां से गुजरने में खौफ खाते थे नेता और अधिकारी

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड पलामू(झारखंड)।** रेड कॉरिडोर का एक ऐसा रोड जो कई दशकों तक माओवादियों के कब्जे में रहा. इस सड़क से कोई भी अधिकारी या नेता नहीं गुजरते थे. लेकिन अब हालात बदल गए हैं. इस रोड पर अब लोग बेखौफ लोग गुजर रहे हैं. यह सड़क है झारखंड को बिहार से जोड़ने वाली मनातू चक—सलैया इमामगंज रोड। 2024 के विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पहली बार इस रोड से पुलिंग पार्टी और सुरक्षाबल गुजरे. 38 किलोमीटर के मनातू चक सलैया इमामगंज रोड कभी माओवादियों के निशाने पर रहता था. इस सड़क पर दर्जनों नक्सल हमले हुए हैं. एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि सुखद बदलाव हुआ है जहां—जहां पुलिस गई है लोग मुख्य धारा में जुड़े हैं. रोड पर चलने में एक सुरक्षित माहौल तैयार हुआ है और



मनातू चक के इलाके में बदलाव हुआ है. जो लोगों के मन में डर और भय था वह खत्म हुआ है.

**माओवादियों को बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़ को जोड़ता है यह रोड :** माओवादियों का रेड कॉरिडोर बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा से लेकर आंध्रप्रदेश तक फैला हुआ है. इस कॉरिडोर में मनातू चक सलैया रोड की बड़ी भूमिका है. माओवादियों का दस्ता बिहार से छत्तीसगढ़ या आंध्रप्रदेश जाने के लिए इसी रोड से गुजरता था. यह माओवादियों के यूनिफाइड कमांड छकरबंधा, ट्रेनिंग सेंटर बूढ़ापहाड़ और इस्टर्न रीजनल ब्यूरो का मुख्यालय सारंडा को जोड़ता भी है. 2000 के बाद माओवादियों ने इस रोड पर कब्जा जमा लिया लिया था. यह कब्जा 2018—19 तक रहा. लेकिन माओवादियों की गतिविधि 2022—23 तक रही. 2024 में चुनाव के दौरान जब पहली बार सुरक्षा बल और पोलिंग पार्टी गुजरी तो यह रोड नक्सलियों के कब्जे से मुक्त हुआ.

नक्सली कमजोर हुए हैं, यह अच्छा है कि माहौल बदल गया है. आब तो लोग बेखौफ होकर रोड पर चल रहे हैं— निर्मल उरांव, थाना प्रभारी, मनातू

**बाल—बाल बचे थे एसपी, छह से अधिक जवान हुए हैं शहीद :** नक्सलियों के कब्जे वाले इस रोड पर कई बड़े हमले हो चुके हैं. 6 से अधिक जवान शहीद हुए हैं, जबकि 12 से अधिक बार लैंड माइंस विस्फोट भी हुआ है. 2010—11 में पलामू के तत्कलीन एसपी अनूप टी मैथ्यू इस रोड से गुजर रहे थे, उसे दौरान हुए लैंड माइंस विस्फोट में एसपी बाल बाल बच गए थे. हालांकि इसमें दो जवान शहीद हो गए थे. 2008—09 में हुए नक्सली हमले में चार जवान शहीद हुए थे. 2015—16 के बाद कई बार माओवादियों के साथ मुठभेड़ हो चुकी है. पुलिस इस रोड से दो दर्जन सभी अधिक लैंड माइंस रिकवर कर चुकी है.

**अब रोड पर ग्रामीण और अधिकारी करते है बेखौफ यात्रा :** अब स्थिति बदल गई है रोड पर नक्सल खौफ खत्म हो गया है. 2023 के बाद कोई भी नक्सल हमला नहीं हुआ है. 2024 में पहली बार इस रोड पर पोलिंग पार्टी गुजारी थी जिसके बाद खत्म हो गया है. इस रोड पर लोग अभी खौफ यात्रा कर रहे हैं. मनातू के रहने वाले उदेश यादव ने बताया कि अब रोड पर खौफ नहीं है, रोड अच्छा बन गया है. मनातू के उरूर के रहने वाले इमामुद्दीन ने बताया कई बार रोड पर विस्फोट हुए हैं रोड पर चलने में डर लगता था लेकिन अब माहौल बदल गया है।

# जिला सुरक्षा एवं कारा सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित

लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला सुरक्षा एवं कारा सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और जेलों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह मौजूद रहे। बैठक में उपायुक्त ने जिले की वर्तमान सुरक्षा स्थिति का जायजा लिया और कहा कि जिले की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उपायुक्त ने जेल में अनुशासनहीनता और अपराधियों के बीच बढ़ते असामाजिक गतिविधियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की इस संदर्भ में उन्होंने जेल में मौजूद अभद्र और हिंसक प्रवृत्ति के कैदियों पर सख्ती बरतने के निर्देश दिए।

**अभद्र कैदियों पर सख्ती और सेल में रखने का निर्णय :** बैठक में निर्णय लिया गया कि जेलों में अनुशासन भंग



करने वाले या बार—बार असामाजिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वाले कैदियों को अलग सेल में रखा जाएगा। उपायुक्त ने जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि ऐसे कैदियों पर कड़ी निगरानी रखी जाए और उनकी गतिविधियों पर हर समय नजर रखी जाए। उन्होंने कहा जेल सुधार गृह हैं लेकिन जो कैदी बार—बार कानून का उल्लंघन करें, उन पर सख्त कार्रवाई करना जरूरी है। जेल के बा' परिसर में जैविक सब्जियों का उत्पादन शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेल में कैदियों को रचनात्मक और उत्पादक गतिविधियों से जोड़ना जरूरी है, जिससे उनका मानसिक और शारीरिक विकास हो सके।

राजमहल कारागार के बा' परिसर में स्थित तालाब को पुनर्जीवित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तालाब के जीर्णोद्धार से जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। यह पहल कारा परिसर को हरित और स्वच्छ बनाने के साथ—साथ कैदियों को जल संरक्षण की उपयोगिता सिखाने का भी माध्यम बनेगी। सिविल सर्जन को निर्देशित किया कि वे मंडल कारा में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए एक सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और तीन सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम) की नियुक्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कारागार में कैदियों के स्वास्थ्य की नियमित देखभाल अत्यंत आवश्यक है।

साथ ही उपायुक्त ने सार्जेंट मेजर को निर्देशित किया कि वे सभी पदाधिकारियों के अंगरक्षकों और होमगाड्र्स को नियमित और प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की दक्षता और सतर्कता बढ़ाने के लिए आधुनिक तकनीकों और रणनीतियों पर आधारित प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है। मौके पर अपर समाहर्ता गौतम भगत, अनुमंडल पदाधिकारी,राजमहल विमल सोरेन, जेल अधीक्षक चंद्र शेखर सुमन, भू—अर्जन पदाधिकारी छुटेश्वर दास , सार्जेंट मेजर सहित अन्य उपस्थित थे।

## पलामू में ट्रेन की चपेट के आने से रेलवे ट्रैक मैन की मौत, कोहरे के कारण हुई दुर्घटना

लोकतंत्र की आवाज़

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड पलामू(झारखंड)।** ट्रेन की चपेट में आने से एक रेलवे ट्रैक मैन की मौत हो गई है. मृतक ट्रैक मैन अभिषेक कुमार बिहार के गया का रहने वाला था और डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर तैनात था. घटना की जानकारी मिलने के बाद मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक ट्रैक मैन के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है. पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है. जानकारी मिलते ही मृतक ट्रैक मैन के परिजन बिहार के गया से पलामू के लिए रवाना हो गए हैं.

**रेलवे पटरी पर पेट्रोलिंग के दौरान**



**हादसा:** पुलिस और रेलकर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार ट्रैक मैन अभिषेक कुमार शुक्रवार की अहले सुबह रेलवे पटरी का पेट्रोलिंग कर रहा था. इस क्रम में वह अहमदाबाद—कोलकाता एक्सप्रेस की चपेट में आ गया. जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई. जिस वक्त अभिषेक कुमार रेलवे पटरी का पेट्रोलिंग कर रहा था उस दौरान अप एंड डाउन लाइन पर ट्रेनें थी. जिस वक्त दुर्घटना हुई है उस वक्त पूरा इलाका कोहरे की चपेट में था. यह दुर्घटना सुदना रेलवे ओवरब्रिज के पास हुई है.

**कुछ देर तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित:** रेलवे ट्रैक मैन की दुर्घटना में मौत के बाद रेलवे ट्रैक पर कुछ देर के लिए ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया था. मेदिनीनगर टाउन थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि ट्रेन दुर्घटना में अभिषेक कुमार की मौत होने की जानकारी मिली है. पुलिस पूरे मामले में छानबीन कर रही है. परिजनों के पहुंचने के बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# दो दिवसीय कृषि मेला सह-फल, सब्जी प्रदर्शनी का हुआ समापन

लोकतंत्र की आवाज

**साहिबगंज।** साहिबगंज के संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि मेला सह – फल, सब्जी प्रदर्शनी का शुक्रवार को समापन हो गया। इस कार्यक्रम का आयोजन कृषि एवं आत्मा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था जिसमें क्षेत्र के सैकड़ों किसान, विशेषज्ञ और शोधकर्ता शामिल हुए ।

इस दौरान उपायुक्त हेमंत सती ने कार्यशाला में लगे स्टालों का निरीक्षण किया और उनके महत्व के बारे में जानकारी प्राप्त की साथ ही स्टॉल में लगे कर्मीगण से पंजीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी ली एवं आवश्यक सुझाव दिए एवं किसानों से रूबरू हुए। मेले में स्थानीय कृषकों ने अपने—अपने अनुभव साझा किए कसाथ ही कृषि



विभाग एवं इफको द्वारा प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें किसानों ने बढ़—चढ़ कर हिस्सा लिया और पूछे गए सवाल का सही—सही उत्तर देकर नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के रूप में पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मेले में शामिल किसानों ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम को अत्यधिक लाभकारी एवं उत्साहवर्धक बताया । किसानों ने कहा इस तरह के मेले हमें नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को समझने का मौका देते हैं।

मेले का मुख्य आकर्षण का केन्द्र वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन द्वारा लगाए गए स्टॉल में ताड़ का गुड़, महिला ग्रुप, कार्तिकडांगा द्वारा मशरूम की खेती, जेएसएलपीएस द्वारा मिलेट्स की बीज :— बाजरा, कोदो, कुदकी आदि, भगैया का तसर सिल्क से बना कपड़ा, राजमहल का जुट से बने बैग आदि, मत्स्य विभाग का माइनिंग पिट केज कल्चर एवं विभिन्न नर्सरी द्वारा लाए गए फूल, फल के पौधे के साथ—साथ किसानों द्वारा लाए गए गेहूँ का पौधा, अरहर का पौधा, ईख, कद्दू, गाँठगोभी, फूलगोभी, गाजर, मूली, शलगम, बैंगन, आदि इस मेले का किसानों के बीच आकर्षण का केन्द्र बना रहा। किसानों द्वारा लाए गए विभिन्न प्रकार के प्रादर्श जो स्टॉल में पंजीयन कराया गया था, निर्णायक कमिटि द्वारा सभी प्रादर्श को बारीकी से जाँच करते हुए प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित किया गया फसल, फल, फूल, सब्जी एवं अन्यान्य प्रभाग से प्रथम पुरस्कार में 41 कृषक, द्वितीय पुरस्कार में 47, तृतीय पुरस्कार में 40 एवं सांत्वना पुरस्कार में 26 कृषकों को विभाग द्वारा सम्मानित किया गया।

विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉलो में प्रथम पुरस्कार खरछढर जुट से बनी सामग्री को दिया गया, द्वितीय पुरस्कार मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, साहेबगंज एवं तृतीय पुरस्कार मशरूम उत्पादक, कार्तिकडांगा, राजमहल को प्राप्त हुआ कसाथ ही सभी स्टॉलो को प्रशस्ति—पत्र देकर सम्मानित किया गया कसभी चयनित प्रदर्शो को पदाधिकारियों द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मौके पर जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का, जिला मत्स्य पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार, जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोक्ता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, डी०

## संक्षिप्त खबरें ।

### कटराः कचरा प्रबंधन का बीडीओ ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज



दीपक कुमार

मुजफ्फरपुर। कटरा प्रखंड के तेहवारा पंचायत में ठोस एवं अवशिष्ट प्रबंधन का शुभारंभ किया गया. जिसमें पंचायत में कर्मी घर घर जाकर कचरा का उठाव करेगें. कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत की मुखिया शर्मिला देवी द्वारा किया गया. मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बीडीओ शशि प्रकाश ने कहा कि सरकार की यह महत्वाकक्षी योजना है. जिससे लोगों में स्वच्छता का भाव जगेगा. लोग यत्र तत्र कुरा कचरा नही फैलायेगें. स्वच्छ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है.इस मौके पर बीडीओ ने कहा कि संपूर्ण स्वच्छता अभियान के तहत सरकार जब जनता के लिए इतना कुछ कर रही है तो आम जनता का भी कुछ दायित्व बनता है। कचरा जहां भी बिखरा हुआ मिले सभी को एक जगह जमा करें। इस जमा कचरा का प्रोसेसिग किया जाएगा तथा जैविक खाद का निर्माण कराया जाएगा। इससे गांव व समाज स्वच्छ रहेगा। कहा कि गांव व समाज में एक संदेश जाना चाहिए कि कचरा यत्र–तत्र नहीं फेंके। प्रखंड समन्वयक चंदन कुमार ने कहा कि कचरा यत्र–तत्र फेंकने से स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इसके कई दुष्प्रभाव होते हैं जो सीधे नहीं दिखते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया कि अपने घर के आगे और गांव को स्वच्छ रखें, सभी लोग घरों के आगे लगे डस्टबिन का ही प्रयोग करें। हमें कचरे को यत्र–तत्र फेंकने की आदत छोड़नी पड़ेगी। इज दौरान मौके पर पर्यवेक्षक चंदन कुमार, श्याम कुमार चौधरी, धीरेन्द्र सिंह, हरि तेहवरीया, शत्रुघ्न साह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गायघाट में अपराध की साजिश रच रहे दो अपराधी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज
दीपक कुमार



मुजफ्फरपुर। गायघाट थाना की पुलिस ने जारंग डीह के बाद पास समकालिन अभियान और विशेष छापेमारी कर दो अपराधियों को एक देसी पिस्टल और दो कारतूस एवम् एक खोखा के साथ गिरफ्तार किया। कुछ अपराधी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे थे। थाना प्रभारी उमाकांत सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के ही महमदपुर सुरा निवासी देवेंद्र राय का पुत्र रॉकी उर्फ राजा और दूसरा अशोक राय का पुत्र प्रिंस कुमार शामिल हैं। इनके पास से मोबाइल भी बरामद हुआ है। गायघाट थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान शुरू कर दिया गया है। गिरफ्तार अपराधियों से प्रारंभिक पूछताछ से पुलिस को जानकारी मिली कि ये लोग किसी बडी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। साजिश रचने के लिए गैंग के सदस्य एकजुट हो रहे थे।

### रंजीत कुमार को मौर्यवंशी एकता मंच का राष्ट्रीय प्रधान महासचिव किया गया मनोनीत



लोकतंत्र की आबाज
प्रियांशु कुमार

ताजपुर/समस्तीपुर। मौर्यवंसी एकता मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश मिलन कुशवाहा ने ताजपुर प्रखंड के मुरादपुर बंगरा निवासी समाजिक कार्यकर्ता रंजीत कुमार को अपने संगठन मौर्यवंशी एकता मंच का राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मनोनीत किया है।मनोनयन पत्र जारी करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री कुशवाहा ने आशा और विश्वास जताते हुए उम्मीद किया है कि पद का निर्वहन पुरी निष्ठा व लगन से करेगे तथा महान सम्राट अशोक के आदर्शो का पालन करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ती तक की सेवा करेगे।

# मंगनी लाल मंडल की घर वापसी, जेडीयू को झटका, राजद को मिली मजबूती



लोक तंत्र की आवाज

**पटना**। बिहार चुनाव से पहले जेडीयू को बड़ा झटका लगा है. पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रहे और पूर्व सांसद मंगनी लाल मंडल आज शुक्रवार (17 जनवरी) को आरजेडी में शामिल हो गए. बता दें कि आरजेडी से ही वे जेडीयू में गए थे. अब घर वापसी हो गई है. मंगनी लाल मंडल अति पिछड़ों के बड़े नेता हैं. इसी साल विधानसभा चुनाव है और अब सियासी बयानबाजी शुरू हो गई है कि क्या आरजेडी की ओर से चुनाव में खेल करने की तैयारी है राजद में वापसी क्या बोले मंगनी लाल मंडल?

तेजस्वी यादव ने प्रदेश कार्यालय में मंगनी लाल मंडल को पार्टी की सदस्यता दिलाई. इस मौके पर मंडल ने कहा कि मैं अपने पुराने घर लौट आया हूं. लालू यादव हमारे नेता हैं. हमारे पुराने सहयोगी हैं. लालू ने अपने कार्यकाल में सामाजिक न्याय को शक्ति प्रदान की. मैं पांच साल जेडीयू में था. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया, लेकिन मुझसे काम नहीं लिया गया. जेडीयू में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है.मैं पांच साल जेडीयू में था. राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया, लेकिन मुझसे काम नहीं लिया गया. जेडीयू में आंतरिक लोकतंत्र नहीं है।

मंगनी लाल मंडल ने कहा कि, बिहार में जातीय गणना महागठबंधन सरकार में हुई. आरक्षण का दायरा 65% किया गया. तेजस्वी के कारण यह सब हुआ. इसके बाद कोर्ट (हाईकोर्ट) ने 65% आरक्षण को रद्द कर दिया. नीतीश कुमार ने क्यों नहीं संविधान की नौवीं अनुसूची में इसे डलवाया? उन्होंने कहा कि, जेडीयू और बिहार को सिर्फ तीन आदमी चला रहे हैं. बता दें कि मंगनी लाल मंडल पुराने समाजवादी नेता हैं उनके जरिए अति पिछड़ों को साधने की कोशिश होगी।

# श्री राम-जानकी विवाह महोत्सव को मिलेगा राजकीय समारोह का दर्जाः सर्वेश कुमार

## कहा सिर्फ औपचारिक घोषणा बाकी

लोकतंत्र की आबाज



रामजी कुमार

**समस्तीपुर**। जिले के कल्याणपुर प्रखण्ड स्थित विदेह धाम, डरोडी, श्री राम जानकी मंदिर परिसर में महाकवि विद्यापति के बाद सबसे अधिक गाये जाने वाले मैथिली गीतों के रचयिता, स्मृतिशेष कपिलदेव ठाकुर उर्फ स्नेहलता का 32 वां पुण्य स्मृति पर्व समारोह पुर्वक मनाया गया। इस समारोह की अध्यक्षता राम नरेश ठाकुर एवं संचालन कृष्ण कुमार कन्हैया ने किया। सर्वप्रथम स्नेहलता जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से विधान पार्षद सर्वेश कुमार ने कहा कि यहां पिछले 88 बरसों से स्थानीय स्तर पर जनसहयोग से आयोजित होने वाले श्री राम जानकी विवाहोत्सव को अतिशीघ्र राजकीय दर्जा दिया जाएगा।

महज कुछ औपचारिकतायें और घोषणा शेष हैं। साथ ही उनके स्मारक एंव विकास हेतु सभी कार्य योजना में व्यक्तिगत स्तर पर सहयोग करते रहेंगे। समारोह में विषय प्रवेश कराते हुए स्नेहलता जी के पोथी पर साहित्य अकादमी से पुरस्कृत डॉ योगानंद शास्त्री ने विस्तार से स्नेहलता के कृतत्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला तथा इन्हें मिथिला के अद्वितीय व्यक्तित्व से विभूषित करते हुए इनकी रचनाओं को संकलित कर प्रकाशित करने पर जोड़ दिया, ताकि आने वाली पीढी जान सके कि विवाहोत्सव समारोह में गाये जाने वाले गीत के रचनाकार हमारे स्नेहलता जी है। विशिष्ट अतिथि उपमहापौर रामबालक पासवान ने अपने उद्बोधन में कहा कि बहुत जल्द इनका भव्य स्मारक समस्तीपुर के कल्याण पुर में स्थापित किया जाएगा। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि तथा चर्चित मिथिला सेवी डॉ संजय राजा, ने मिथिला विभूतियों को उचित सम्मान और सरकार से समर्थन दिलाने का आग्रह विशेष रूप से एमएलसी सर्वेश कुमार से किया।

वहीं मिथिला मंथन के संयोजक प्रो. पी.के. झा प्रेम ने हर्ष ध्वनि के बीच विदेहनगर को विदेह धाम के नाम से प्रचारित करने और स्नेहलता जी को पद्म विभूषण से सम्मानित किए जाने का प्रस्ताव रखा। इसके अलावा कल्याणपुर चैक को स्नेहलता चैक घोषित किए जाने का मांग किया। समारोह में शिमर फिल्मस इंटरनेशनल के डायरेक्टर सुमित सुमन ने स्नेहलता पर डाक्यूमेंट्री फिल्म बनाने की घोषणा की।

समारोह में विशेष रूप से स्नेहलता जी को मरणोपरांत पिछले बरस बेनीपट्टी स्थित मिथिलांचल सर्वांगीण विकास संस्थान के मिथिला विभूति पर्व समारोह 2024 में मिथिला अमृत सम्मान से सम्मानित करने वाले संस्थान के पदाधिकारियों को भी आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम सभी सम्मानित अतिथियों के द्वारा स्नेहलता जी के स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। उसके बाद आयोजकों द्वारा सम्मानित अतिथियों को मिथिला परम्परा के अनुसार पाग चादर और पुष्पहार से सम्मानित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन रामशेखर ठाकुर ने किया। मौके पर विशिष्ट साहित्यकार डॉ रंगनाथ मिश्र दिवाकर, सुभाष चन्द्र कुमार, कृषण कुमार मेघू, मुकेश ठाकुर, राम नरेश ठाकुर, सुशील मालाकार, संगम कुमार, दिलीप कुमार बौआ जी, अर्जून ठाकुर, ओम प्रकाश कुशवाहा, अमन मोहन ठाकुर, कौशल किशोर ठाकुर, दिनेश ठाकुर, जय प्रकाश ठाकुर, कमलेश ठाकुर, जगन्नाथ व्यास स्थानीय बुद्धजीवी व गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# पुलिस अधीक्षक ने उरई कोतवाली का वार्षिक निरीक्षण किया



लोकतंत्र की आवाज

**उरई जालौन**। पुलिस अधीक्षक जालौन डा दुर्गेश कुमार द्वारा आज कोतवाली उरई का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कोतवाली परिसर, में साफ सफाई व्यवस्था, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कार्यालय, महिला हेल्प–डेस्क, साइबर हेल्प–डेस्क, हवालात मालखाना जब्त व सीज वाहनों आदि का निरीक्षण किया तथा थाना के अभिलेखों का अवलोकन कर सभी प्रविष्टियों को अद्यावधिक करने हेतु सर्वसम्बन्धित को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी शहर अर्चना सिंह व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे

# जब गाड़ी ड्राइव कर रात को चेकिंग के लिए अकेले ही निकले एसपी शैशव यादव, पुलिस महकमे में मचा हड़कंप

लोकतंत्र की आवाज

**सुपौल**। जिले में पुलिस की व्यवस्था व कार्यशैली कैसी है, ये देखने के सुपौल एसपी शैशव यादव खुद ही गाड़ी ड्राइव कर निकले, एसपी शैशव यादव अचानक आधी रात को सड़कों पर उतर आए. कानून व्यवस्था का उन्होंने जायजा लिया. वे खुद दलबल के साथ सड़क पर उतरे. इस दौरान रात्रि में त्रिवेणीगंज इलाके के 327 ई लक्ष्मीनिया टोल प्लाजा के समीप खुद सड़क पर रात में चल रहे वाहनों की जांच की, मौके पर डीएसपी बिपिन कुमार मौजूद थे, उस दौरान एसपी शैशव यादव ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए,



उसके अलावा एसपी शैशव यादव ने क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में हो रही पुलिस गश्ती का जायजा लिया. एसपी शैशव यादव ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे रात्रि गश्ती को और सुदृढ़ करें. ताकि चोरी–गृहभेदन जैसे छोटी–मोटी घटनाओं पर अंकुश लग सके.'वहीं देर रात सुपौल एसपी शैशव यादव के सड़क पर निकलने से कई लापरवाह पुलिसकर्मियों में हड़कंप मच गया. वहीं कई मनचले भी घर के अंदर दुबक गए. एसपी के मुताबिक लगातार गश्ती करने से शहर की विधि व्यवस्था दुरुस्त रहती है.

रात्रि वाहन जांच अभियान के दौरान एसपी शैशव यादव ने बताया कि क्राइम कंट्रोल को लेकर लगातार रोको–टोको अभियान और वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन विशेष अभियान के तहत दर्जनभर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। उनके द्वारा सभी थाना अध्यक्षों को रात्रि गश्ती करने का निर्देश दिया गया है। ताकि, अपराध पर अंकुश लगे और अपराधियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाए। उन्होंने कहा कि यह एक नियमित दौरा है।

# योगी सरकार ने हासिल की बड़ी उपलब्धि, प्रधानमंत्री अवार्ड से राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगा सम्मान

योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया।

लोक तंत्र की आवाज



रत्ना

**लखनऊ**। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है।जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने एवं जल जीवन मिशन परियोजना में सोलर पावर के उत्कृष्ट उपयोग में बाजी मारी है। इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश को प्रधानमंत्री पुरस्कार (पीएम अवार्ड) के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार दिल्ली में होने वाले कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा।

जल जीवन मिशन में सोलर पावर के प्रयोग पर पीएम अवार्ड से किया जाएगा सम्मानित योगी सरकार ने जल जीवन मिशन के तहत सोलर ऊर्जा का उपयोग करते हुए न केवल पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहन दिया है, बल्कि ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों में पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान किया। इस परियोजना के तहत सोलर पैनलों की स्थापना के माध्यम से न केवल ऊर्जा की बचत हो रही है, बल्कि पानी की आपूर्ति भी निर्बाध रूप से हो रही है। यह पहल जल संरक्षण और सौर ऊर्जा के क्षेत्र में एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करती है। नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि मिशन के तहत सौर ऊर्जा आधारित भूजल की 33,229 योजनाएं संचालित हैं। योगी सरकार द्वारा जल जीवन मिशन की 33,229 योजनाओं का संचालन होने से प्रदेश सरकार को योजना काल में लगभग एक लाख करोड़ रुपये की बचत होगी। मिशन की 33,229 योजनाओं को सौर ऊर्जा से संचालित करने के लिए लगभग 900 मेगावाट के सोलर पैनल लगाए गए हैं। केंद्र सरकार द्वारा इस इनोवेशन को बेस्ट प्रेक्टिसेज के रूप में चिह्नित किया गया है

# मकराना नगर परिषद के वार्ड न .45 मे गन्दगी से हाल बेहाल, माताभर के मुख्य मार्ग पर फैल रही है गन्दगी

लोक तंत्र की आवाज

अब्दुल सलाम गैसावत

**राजस्थान**। मकराना नगर परिषद के वार्ड न .45 की गन्दगी से हाल बेहाल। माताभर के मुख्य मार्ग पर फैल रही है वार्ड न .45 की गन्दगी से हाल बेहाल। माताभर के मुख्य मार्ग पर फैल रही है गन्दगी। मृत जानवरो से आती है गन्ध। वार्ड न .45 से पार्षद पुत्र अब्दुल मनान भाटी ने बताया की नगर परिषद मकराना द्वारा भरपूर लापरवाही की जा रही है। उन्होंने बताया की उपरोक्त वार्ड ठेके में है जिसमें दिन मे 2 बार सफाई होना अनिवार्य है। लेकिन हाल ये है इस क्षेत्र आटो टिपर का इन्तजार खत्म ही नही होता है।



माताभर रोड़ पर एक अस्थाई कचरा स्टेण्ड बनाया है जिसमें अन्य वार्डो से कचरा लाकर डाला जाता है। जिसको सप्ताह में दो बार ही उठाया जाता है। स्थानीय निवासीयो में भारी रोष है।

वही पार्षद नसीम भाटी ने कहा की नालियो गन्दगी से लबालब हो रही है। पास से निकलना भी दुशवार हो रहा है। पार्षद ने कहा की ठेके पर चल रहे वार्डो में पूर्ण कर्मचारीयों की व्यवस्था नही है। वार्ड में डी .टी .डी पावउडर का झिड़काव सालो बीत जाने के बाद भी नही हो पाती है। । मृत जानवरो से आती है गन्ध। वार्ड न .45 से पार्षद पुत्र अब्दुल मनान भाटी ने बताया की नगर परिषद मकराना द्वारा भरपूर लापरवाही की जा रही है। उन्होंने बताया की उपरोक्त वार्ड ठेके में है जिसमें दिन मे 2 बार सफाई होना अनिवार्य है। लेकिन हाल ये है इस क्षेत्र आटो टिपर का इन्तजार खत्म ही नही होता है। माताभर रोड़ पर एक अस्थाई कचरा स्टेण्ड बनाया है जिसमें अन्य वार्डो से कचरा लाकर डाला जाता है। जिसको सप्ताह में दो बार ही उठाया जाता है। स्थानीय निवासीयो में भारी रोष है। वही पार्षद नसीम भाटी ने कहा की नालियो गन्दगी से लबालब हो रही है। पास से निकलना भी दुशवार हो रहा है। पार्षद ने कहा की ठेके पर चल रहे वार्डो में पूर्ण कर्मचारीयों की व्यवस्था नही है। वार्ड में डी .टी .डी पावउडर का झिड़काव सालो बीत जाने के बाद भी नही हो पाती है।

# कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित, एकमा व मांझी प्रखंड में अलाव जलाने की मांग

लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (सारण)**। क्षेत्र में लगातार पड़ रही कड़ाके की ठंड व शीतलहर से आम जनजीवन काफी प्रभावित हो गया है। समाज के सुखी–संपन्न लोग जहां अपने घरों में दुबके रहने को मजबूर हैं, वहीं गरीब व मजदूर वर्ग रोजी–रोटी की तलाश में ठंड से जूझते हुए बाहर निकलने को विवश हैं। शीतलहर के कारण मजदूरों के सामने रोजगार के साथ–साथ गर्म कपड़ों की भी गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है।

उधर माकपा नेता अरुण कुमार ने प्रखंड क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने व गरीबों के लिए भोजन एवं गर्म कपड़ों की व्यवस्था करने की मांग स्थानीय व जिला प्रशासन से की है। उन्होंने संपन्न लोगों से भी अपील की है कि जनहित में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़े व अनाज का वितरण करें। उल्लेखनीय है कि पड़ोसी मांझी प्रखंड के पश्चिमी क्षेत्र के नागरिकों ने प्रशासन से चौक–चौराहों पर अलाव की व्यवस्था करने की मांग की है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार, आने वाले दिनों में ठंड व शीतलहर का प्रकोप जारी रहने की संभावना है। ऐसे में प्रशासन व समाजसेवी संगठनों की जिम्मेदारी है कि वे जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं।

### बलियाः प्रॉपर्टी कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन

घनश्याम तिवारी

बलिया। यूपी शासन राजस्व द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रधानमंत्री द्वारा शनिवार को स्वामित्व योजना के अन्तर्गत देश भर में तैयार किये गये प्राप्टी कार्ड (घरौनियों) का इलेक्ट्रानिक वितरण किया जाना है। तत्पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को भौतिक रूप से वितरण किया जाना सम्भावित है। उक्त के दृष्टिगत माह जनवरी के तृतीय शनिवार 18 जनवरी को आहूत होने वाले सम्पूर्ण समाधान सोमवार को आयोजित किये जाने हेतु उ0प्र सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है।

# पीएम स्वामित्र योजना के अंतर्गत तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड डिजिटल वितरण

लोकतंत्र की आवाज

**उरई**। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किये गए प्रोपर्टी कार्ड के डिजिटल वितरण कार्यक्रम दिनांक 18 जनवरी 2025 को किये जाने के सम्बंध में बताया कि आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद उ०प्र०, अनुभाग–9, लखनऊ के पत्र दिनांक 13 जनवरी 2025 के द्वारा माननीय प्रधानमंत्री जी तथा मा० मुख्यमंत्री जी प्रापर्टी कार्ड (घरौनियों) का डिजिटल वितरण कार्यकम मा० परिषद के पत्र द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपद में चयनित स्थल रानी लक्ष्मीबाई सभागार विकास भवन में दिनांक 18.01.2025 को प्रातः 11:00 बजे से किया जाना है।



उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री जी भारत सरकार द्वारा दिनांक 24.04.2023 के उपरांत तैयार की गयी नयी 45 लाख से अधिक घरौनियों का बटन दबाकर इलेक्ट्रानिक डिजिटल वितरण किया जायेगा। मा० प्रधानमंत्री जी के बटन दबाते ही सभी सम्बन्धित लाभार्थियों के मोबाईल पर मैसेज के माध्यम से लिंक प्राप्त होगा जिसे खोलकर सम्बन्धित लाभार्थी अपनी घरौनी प्राप्त कर सकेगें। उक्त कार्यक्रम का दूरदर्शन एवं वेबकास्ट द्वारा सीधा प्रसारण किया जायेगा। जिसे समस्त अधिकारी / कर्मचारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों के साथ देखा जायेगा। वेबलिंक की सूचना आपको पृथक से उपलब्ध करा दी जायेगी। उक्त कार्यक्रमों के तत्काल पश्चात सभी जनपद में तैयार हो चुकी घरौनियों का वितरण जनपद एवं तहसील स्तर पर किये जाने वाले कार्यक्रमों में ही जनप्रतिनिधियों / वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में भौतिक रूप से किया जायेगा। जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का सीधा प्रसारण बेबकास्ट के माध्यम से किया जायेगा जिससे भारत सरकार में भी प्रदेश के कार्यक्रमों को देखा जा सके।

जनपद स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में आसपास के ग्रामों के लाभार्थियों को आमंत्रित किया जायेगा तथा उक्त कार्यकम मा० प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम (अपरान्ह 12:30 बजे) से पूर्व ही प्रारम्भ कर दिया जायेगा तथा मा० प्रधानमंत्री जी का कार्यक्रम प्रारम्भ होने के उपरान्त कार्यकम में उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी/कर्मचारी एवं लाभार्थीगण, मा० प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को देखेंगे।

जनपद में तैयार की गयी घरौनियों का भौतिक वितरण, मा० प्रधानमंत्री जी के द्वारा डिजिटली वितरण कार्यक्रम की समाप्ति के 24 घन्टे की भीतर कर दिया जाय। उक्त कार्यक्रम उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी आपस में एवं मा० जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करके कार्यक्रम का स्थान नियत करके मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा प्रॉपर्टीकार्ड, डिजिटली जारी करने के उपरान्त उसी दिन स्वामित्व योजना का बैनर लगाकर तहसीलों/विकास खण्डों / ग्रामों में घरौनी वितरण के समय मीडिया को भी आमंत्रित किया जाये एवं कार्यक्रम की वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी करायी जायेगी। आपके द्वारा निर्धारित कराये गये कार्यक्रम की सूचना अधोहस्ताक्षरी को भी उपलब्ध करायी जाये।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन–805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर–9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद–विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।